चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 272, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 02 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'राजस्थान में बनेगी भाजपा की सरकार

### भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और तिजारा से इसका शंखनाद कर दिया गया: सीएम योगी



**अलवर**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और तिजारा से इसका शंखनाद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अलवर के सांसद और तिजारा से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालकनाथ के नामांकन के लिए तिजारा आए थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि राजस्थान में हिंदू विरोधी कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान में गोमाता को नुकसान हुआ है। अपराध, गोकशी, बलात्कार के बढ़ते मामलों से राजस्थान फेमस हो गया है। हम उत्तर प्रदेश में अपराध मिटा सकते हैं तो राजस्थान में क्यों नहीं मिटाया जा सकता। योगी ने कहा कि राजस्थान में अराजकता नहीं बल्कि रामराज्य लाएंगे। भाजपा की सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश की तरह अपराधियों में यहां भी खौफ होगा।

आदित्यनाथ ने कहा कि बालकनाथ का अपना कोई परिवार नहीं है। बालकनाथ ने तिजारा को ही अपना परिवार माना है। उनका एक ही मकसद है कि कोई भी इंसान परेशान नहीं हो, इसलिए बालकनाथ तिजारा आए हैं। उन्होंने इस दौरान मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। योगी ने मोदी को संत के रूप में काम करने वाला प्रधानमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आतंकियों द्वारा मारे गए कन्हैया के परिवार को पांच लाख का सहयोग भी बड़ी मुश्किल से मिलता है जबकि गोतस्करों को सरकार 50 लाख की सहायता दे देती है। जयपुर में बाइक भिड़ंत में 50 लाख का मुआवजा दिया, आखिर यह भेदभाव क्यों है। आदित्यनाथ के स्वागत के लिए सभास्थल के बाहर रोड पर करीब दो दर्जन बुलडोजर खड़े रहे। बुलडोजर से कार्यकर्ताओं ने योगी का फूलों से स्वागत किया। आतिशबाजी भी की गई। महंत बालकनाथ ने कहा कि अलवर की भूमि सौभाग्यशाली है। यहां से राजस्थान की जीत का शंखनाद आज से हो गया है। पहले प्रत्याशी के रूप में वह नामांकन दाखिल कर रहे हैं। पहली तारीख है और योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ है।

### दलित विरोधी-सनातन विरोधी सरकार को राजस्थान से हटाना है: शेखावत

**जैसलमेर**
**केन्द्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी महंत प्रतापपुरी की नामांकन रैली में पोकरण पहुंच कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार दलित विरोधी, सनातन विरोधी है। इस सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। इस कुराज की सरकार को राजस्थान से हटाकर ही दम लेना है। रैली को केंद्रीय विधि मंत्री



अर्जुनराम मेघवाल, राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर सहित अनेक भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया। शेखावत ने कहा कि राजस्थान की पहचान महिलाओं के त्याग, मीरा की भक्ति और कमाबाई के खीचड़ें से थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे बलात्कार की राजधानी बना दिया। सरकार की उदासीनता के चलते पिछले पांच साल में दो लाख महिलाओं से दुराचार की घटनाएं हुई हैं। हमें इन चुनावों में इस महिला अत्याचार का बदला लेना है। यह बदला तलवार से नहीं वोट से लेना है।

### लूट के माल पर लड़ रहे हैं जय-वीरूः शिवराज



**भोपाल**
**मध्यप्रदेश के** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच मनमुटाव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह जय-वीरू की जोड़ी लूट के माल के लिए लड़ रही है। इस पर कमलनाथ ने भी पलटवार किया है। भारतीय जनता पार्टी के विधि विभाग ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह राहुल भैया और मनोज शुक्ला पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया है। बीजेपी ने इन दोनों ही प्रत्याशियों की शिकायत चुनाव आयोग में की है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने शिकायत में कहा चुरहट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह ने तय फॉर्मेट में संपत्ति का वितरण नहीं दिया है। उन्होंने नामांकन में कई कॉलम रिक्त रखे हैं। वहीं, नरेला से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला का नामांकन निरस्त करने की मांग भी बीजेपी ने की है। भाजपा का आरोप है कि नरेला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला के शपथ पत्र में शासकीय देनदारियों और परिवार सहित जानकारी छिपाई गई हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बीच सामने आ रहीं नाराजगी की खबरों पर मंगलवार को खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सफाई दी। उन्होंने भोपाल में अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जिस तरह की खबरें चल रही हैं, ऐसी कोई बात नहीं है। दिल्ली में प्रियंका जी, राहुल जी और खड़गे जी के दौरे को लेकर बैठक हुई थी। इसमें हमने इन सभी नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार-मंथन किया है।

### विमान ईंधन 5.8 फीसदी सस्ता हुआ, नई दरें लागू

**नई दिल्ली**
दिवाली से पहले सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में 6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 5.8 फीसदी की कटौती की है। विमान ईंधन की कीमत में लगातार चार बार बढ़ोतरी के बाद यह कटौती की गई है। नई दरें लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत 6,854.25 रुपये कम होकर 1,18,199.17 रुपये प्रति किलोलीटर से 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। पिछले महीने अक्टूबर में एटीएफ की कीमत में 5 फीसदी का इजाफा हुआ था। अधिसूचना के मुताबिक कोलकाता में एटीएफ 6,812.63 रुपये घट कर 1,19,884.45 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है, जो पहले 1,26,697.08 रुपये प्रति किलोलीटर था। वहीं, मुंबई में एटीएफ 6,470.42 रुपये सस्ता होकर 1,04,121.89 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया हैं, जो पहले 1,10,592.31 रुपये प्रति किलोलीटर था। इसी तरह चेन्नई में एटीएफ की कीमत 7,044.95 रुपये सस्ता होकर 1,15,378.97 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है, पहले 1,22,423.92 रुपये प्रति किलोलीटर था। इस तरह विमान ईंधन की कीमत में करीब छह फीसदी की कटौती की गई है। एटीएफ की कीमतों में कटौती ने एयरलाइन कंपनियों के बोझ को कम कर दिया है। दरअसल, विमान में एटीएफ की परिचालन लागत 40 फीसदी होती है।

### तीस्ता सीतलवाड़ को राहत

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने फंड की हेराफेरी मामले में अग्रिम जमानत देने के गुजरात हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया।

### अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 13 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**
दीपावली से पहले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का खजाना भर गया है। अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर 13 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 13 फीसदी उछल कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले महीने में जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़




रुपये रहा था। यह जीएसटी राजस्व संग्रह का दूसरा सबसे उच्चतम मासिक आंकड़ा है। अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले अक्टूबर 2022 में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2023 में जीएसटी संग्रह 1,72,003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए 42,127 करोड़ रुपये सहित) और सेस 12,456 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सेस में माल के आयात से मिले 1294 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले साल की तुलना में 11 फीसदी अधिक है।

### भारत-बांग्लादेश के रिश्ते नई ऊंचाइयां छू रहे: पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।




**3 परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन**
जानकारी के लिए बता दें कि तीन परियोजनाएं हैं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना - मोंगला पोर्ट रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट - भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम शेख हसीना ने कहा, ...मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर ढट नरेंद्र मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था।

**पिछले 9 सालों में 3 नई ट्रेन सेवाएं हुई हैं शुरू**
भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने के लिए हमने दशकों से लंबित भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। हमने समुद्री सीमा का भी समाधान किया... पिछले 9 वर्षों में ढाका, शिलांग, अगरतला, गुवाहाटी और कोलकाता को जोड़ने वाली 3 नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं।

### मुख्यमंत्री धामी ने अहमदाबाद में साबरमती रिवर फ्रंट का किया भ्रमण



**देहरादून**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक के दौरान साबरमती रिवर फ्रंट का भ्रमण किया। इस दौरान धामी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की। गुजरात के विकास पर उनके विचार सुने। लोगों को देवभूमि उत्तराखंड आने के लिए आमंत्रित भी किया।

इस रिवर फ्रंट का गुजरात के पर्यटन स्थलों में महत्वपूर्ण स्थान है। देश-विदेश से इस रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को 20 से अधिक पुरस्कार मिले हैं। साबरमती रिवर फ्रंट को बहुआयामी रूप से विकसित कर पर्यटन केंद्र बनाने का अभूतपूर्व कार्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में हुआ है। यह फ्रंट इकोलॉजी और इकॉनमी के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री धामी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 रोड शो कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद अपराह्न तीन बजे बिजनेस ऑफ गर्वनमेंट मीटिंग में शामिल होंगे। वह रात्रि विश्राम होटल हयात रीजेंसी अहमदाबाद में करेंगे।

### छड़ी यात्रा से उत्तराखंड में धार्मिक, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : श्रीमहंत हरि गिरी

**ऋषिकेश**
उत्तराखंड के केदार खंड और मानस खंड के पौराणिक तीर्थों के भ्रमण के लिए हरिद्वार से रवाना हुई। जूना अखाड़ा की पवित्र छड़ी यात्रा का ऋषिकेश के तारामाता मंदिर में पंचदशनाम जूना अखाड़ा से जुड़े संतों व श्रद्धालुओं ने शंखनाद और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया।

बुधवार की सुबह अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरी, अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेमगिरी महाराज व अखाड़े के अन्य संतों के नेतृत्व में पहुंची छड़ी यात्रा की जूना अखाडा से संबंधित तारा देवी मंदिर में मंदिर के महंत संध्या गिरी, महंत सरस्वती गिरी, खुशी गिरी, संजय शास्त्री, ऋषिकेश गिरी, गंभीर सिंह मेवाड़, पंडित मुकेश, महाकाल गिरी, सत्यम , महेश, श्री महंत रामेश्वर गिरी ने पूजा अर्चना की। इसके पश्चात छड़ी यात्रा ऋषिकेश के भरत मंदिर, सोमेश्वर मंदिर, वीरभद्र मंदिर, चंदेश्वर मंदिर, त्रिवेणी घाट स्थित दुर्गा मंदिर के दर्शन करने के लिए पहुंची। इसके उपरांत छड़ी यात्रा उत्तराखंड के लिए रवाना हो गई। श्रीमहंत हरिगिरी महाराज ने इस दौरान कहा कि छड़ी यात्रा का उद्देश्य आमजन में धर्म जागरण व देवभूमि उत्तराखंड में तीर्थाटन व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिए के साथ राज्य से लगातार हो रहे युवाओं के पलायन पर रोक लगाया जाना भी है।

### नक्सली हथियार बरामदगी मामले में दो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को बिहार में नक्सली हथियार बरामदगी के मामले में दो आरोपितों के खिलाफ विशेष कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। इनमें पूर्वी चम्पारण जिले के कौरिया बंजरिया गांव निवासी राम बाबू राम उर्फ राजन और शिवहर जिले के तरियानी छपरा स्थित डेरा टोला निवासी रामबाबू पासवान उर्फ धीरज उर्फ प्रशांत का नाम है। एनआईए के मुताबिक दोनों पर गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र अधिनियम के तहत आरोप हैं। ये सक्रिय रूप से प्रतिबंधित समूह सीपीआई (माओवादी) के लिए धन जुटाने का काम करते थे। इस धन का उपयोग गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता था।

### हमारे नेताओं ने देश के लिए जान दी, भाजपा वाले बताएं उन्होंने क्या किया: खरगे

**सुकमा**
छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। सभी दलों के नेता वोटरों को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज छत्तीसगढ़ के दैरे पर हैं और उन्होंने सुकमा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। खरगे से पहले सीएम बघेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि पहली बार खरगे आये हैं उनका ताली बजा कर स्वागत करें। सीएम ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान में कुछ समय रह गया है आज का दिन विशेष है। आज के ही दिन हमारा राज्य बना क्योंकि चुनाव चल रहा है अचार सहिता लगा है इसलिए भव्य कार्यक्रम नही हो रहा है। हम केवल तीन साल सत्ता में रहे दो साल कोरोना में बीत गया



हमने फिर भी विकास किया।

**सीएम बघेल ने पूर्व की रमन सरकार पर बोला हमला**
सीएम बघेल ने पूर्व की रमन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि रमन सिंह के राज में आदिवासियों पर अत्याचार , फर्जी एनकाउंटर होता था वनोपज का हमने सही मूल्य दिया मैं आपसे पूछना चाहता हूं आपको कभी सही रेट मिल, हर चीज में कमीशन चलता था। मोबाइल से लेकर चप्पल तक मे कमीशन चलता था, हम जब भी सुकमा आते थे कभी भी जिस रास्तेसे जाते थे दोबारा उस रास्ते से नही आते थे नक्सलियों की वजह से हमने यहां पर शिक्षा का स्तर बदल दिया।

**कांग्रेस सरकार ने किसानों का कर्जा माफ किया**
सीएम ने कहा कि प्रदेश में यहां के बच्चों ने टॉप किया फिर से किसानों का कर्ज माफ होगा धन्यवाद देने की लिये फिर से कांग्रेस की सरकार बनाइये, पढ़ाई के लिए आपको पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं आपके पढ़ाई का खर्चा हमारी कांग्रेस पार्टी उठाएगी, 200 यूनिट बिजली फ्री देंगे, आपका इलाज आपके घर के पास होगा , सिलेंडर रिफिल करवाने पर 500 आपके खाते में आयेंगे, राशन फ्री में देंगे जिससे घर चलाना आसान हो जायेगा।

# मुख्यमंत्री उद्घाटन के बाद एक सप्ताह नही झेल सका टोंस पुल की सड़क

## पुल की रीच से सड़क में आई दरार को लेकर रोका गया आवागमन, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर सरकार पर कसा तंज

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** कोरांव-नारीबारी मार्ग के टोंस नदी पर नवनिर्मित पुल की रीच से सड़क की मिट्टी धंस जाने व सुराग हो जाने को लेकर बड़े वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा पुल पर पत्थर रख जाम कर दिया गया था। जिसके बाद हरकत में आए विभागीय अफसरों ने येन केन प्रकारेण खुलवाकर छोटे वाहनों के आवागमन को बहाल कर दिया है। हालांकि मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर गुजरात मॉडल के विकास पर तंज कसा है। इसके बाद अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए हैं। नारीबारी कोरांव स्टेट हाईवे के टोंस नदी पर बनाए गए पुल पर आई दरार को लेकर क्षेत्रीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस पुल को 2019 में स्वीकृति मिली थी। 2021 में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा आधारशिला रखी गई थी। लगभग 67 करोड़ की लागत से यह पुल बनकर तैयार हुआ है। इस पुल से शंकरगढ़, नारीबारी, चाकघाट, रीवा, जारी, खीरी, कोराव, मेजा, मांडा एवं मिजार्पुर के लोग सफर करते हैं। यह पुल दो राज्य मध्य प्रदेश व एवं तीन जिलों को जोड़ने का काम करता है। इस पुल से लगभग ढाई सौ गांव लाभान्वित होते हैं। इस पुल का सोमवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने उद्घाटन किया है।

### गब्बर सांबा के तर्ज पर पुलिस कर्मियों ने खेला पियरी ग्राम सभा में खेल, क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं शुरू

**मांडा।** अभी तक लोगों ने हिंदी सिनेमा घरों में अपने फेवरेट डायलॉग के लिए मशहूर मूवी शोले का अरे ! ओ सांबा कितने आदमी थे! गब्बर के इस खतरनाक डायलॉग पर पूरी मूवी हिट हो गई थी। लेकिन कुछ इसी तरह का नजारा मांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पियरी में देखने को मिला जिसमें एक सादे वर्दी में मांडा थाने के पुलिस कर्मी ने एक अभियुक्त को कच्ची शराब बनाने के आरोप में अपने निजी बाइक से मांडा थाने ले जा रहा था जिसमें ग्रामीणों के सामने अभियुक्त को बैठाने के बाद बीच जंगल में ही पीछे बैठा अभियुक्त फरार हो गया। मांडा पुलिस कर्मी जब थाने पहुंचा तो मांडा इंस्पेक्टर संजय संधू ने फटकार लगाते हुए कहा कि कितने लोग गए थे? आरोपी को पकड़ने जवाब में पुलिस कर्मी ने कहा सर एक ! सिर्फ एक पुलिस कर्मी गया था, आरोपी को पकड़ने वह भी पियरी में और आए खाली हाथ। उधर अभियुक्त के परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाया कि मांडा पुलिस कर्मी के डराने धमकाने से अभियुक्त को भगा दिया जिससे क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के बारे में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

# डेंगू-मलेरिया के बढ़ते केस पर हाईकोर्ट सख्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज समेत पूरे उत्तर प्रदेश में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते केस को देखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जनहित याचिका कायम किया है। हाइकोर्ट ने जवाब मांगा है कि डेंगू और मलेरिया से निबटने के लिए सरकार की ओर से क्या प्रयास किया गया है। इस मामले में अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल से कोर्ट ने सीधे सवाल किया कि मलेरिया से निबटने के लिए क्या व्यवस्था की गई है।

**6 नवंबर को फिर होगी सुनवाई :** चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस अजय भनोट की खंडपीठ ने इस पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने पूछा कि क्या राज्य सरकार के पास ऐसा कोई तंत्र है जिससे यह पता लगाया जा सके कि मलेरिया का कौन-सा जीनोम प्रमुख है। कोर्ट ने इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सरकार की कार्ययोजना और प्रक्रिया के बारे में ब्योरा मांगा है। अपर महाधिवक्ता ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अब इस मामले में 6 नवंबर को सुनवाई होगी।

### मऊआइमा क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप, एक युवती की मौत, दर्जनों बीमार

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में डेंगू कर प्रकोप जारी है गंदगी,और छिड़काव न होने से डेंगू का प्रकोप बढ गया है। डेंगू से एक युवती की मौत हो गई।सीएच सी में उपचार न होने से दर्जनों मरीजो का प्राइवेट अस्पतालों में उपचार चल रहा है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में गंदगी से भरी नालियों की सफाई ड से न होने के करण मच्छरों का प्रकोप दिन रात जारी है। जिससे डेंगू का प्रकोप बढ गया है। आजमपुर पूर्वी के सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद शकील और आजमपुर पश्चिमी के सदस्य अतीक अहमद का आरोप है कि उनके वार्डों में डेंगू से बुधवार को परवेज अहमद की बीस वर्षीय लड़की उनैजा का देहशान्त हो गया।तथा मोहम्मद अली हासिम की पत्नी जोबिया, वासिफा, मनतसा, शौकत की पुत्री तथा राबिया 85वर्ष मोहल्ला महतवाना के अब्दुल वहाब,मोहल्ला पूरे मियां जी में अमन,चांद, फात्मा आदि का प्राइवेट उपचार डेंगू का विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोई सुविधा नहीं मिलती है। डाक्टर बाहरी स्टोर की दवा लिख कर दामन छुडा लेते हैं। इसी प्रकार विभिन्न वार्डों में लोग डेंगू का दंश झेल रहे हैं।दिन क्या रात मच्छरों का हमला जारी रहता है। बताया गया कि मच्छर को खत्म करने के लिए छिड़काव न के बराबर होता है केवल सडकों पर वाहन सौ किलोमीटर स्पीड से धुआं छोड कर चली जाती है। गलियों में आज तक फागिंग नहीं हुआ।आरोप है कि सफाई कर्मचारी केवल झाडू लेकर घूमते नजर आते हैं तथा रात में जमीन में झाडू रख कर फोटो खिंचवाते देखे जा सकते हैं।चारों तरफ नालियों भठी पडी है। इस बाबत नगर पंचायत अधिशासी अभियन्ता प्रदीप कुमार मिश्रा का कहना है कि रोज सफाई व्यवस्था की जा रही हों और छिड़काव होता है।

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में सुनवाई स्थगित

अखंड भारत संदेश

**लगातार तीसरे दिन हुई सुनवाई, चीफ जस्टिस ने कहा- मंगा लें मंदिर का वीडियो**

**प्रयागराज।** वृंदावन बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में आज बुधवार को फिर सुनवाई स्थगित हो गई। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने स्थाई अधिवक्ता से कहा, मंदिर के मुख्य द्वार सहित अन्य मंदिरों की वीडियो मंगा लें। कोर्ट आस पास मंदिरों व? निर्माण का जायजा लेना चाहती है।मंदिर के सेवायतों यानी पुजारियों की तरफ से आशंका जताई गई कि कारीडोर निर्माण के जरिए कुछ बिल्डरों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की डिवीजन बेंच में यह सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट को मुख्य रूप से यह तय करना है कि प्रस्तावित कॉरिडोर पर खर्च होने वाली रकम कहां से आएगी।

**सरकार काशी विश्वनाथ की तरह कराना चाहती है निर्माण :** कॉरिडोर का निर्माण यूपी सरकार कराएगी या फिर मंदिर में आने वाले चढ़ावे और चंदे की रकम से निर्माण कराया जाएगा इस मामले में सुनवाई हो रही है। यूपी सरकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर मंदिर का निर्माण कराना चाहती है। जबकि मंदिर से जुड़े पुजारी इसका विरोध कर रहे हैं। वह ना तो कॉरिडोर का निर्माण चाहते हैं और ना ही चंदे वा चढ़ावे की रकम देने को तैयार हैं। ऐसे में वहां सेवायतों की तरफ से कहा गया है कि कॉरिडोर के लिए मंदिरों को तोड़ा जाना अस्वीकार्य है। कॉरिडोर योजना में मंदिरों के ध्वस्तीकरण का भी विरोध किया गया है।

### यूजीआई के 11 छात्रों को सेडकोस टेक्नोलॉजीज में 4.25 लाख सलाना पैकेज पर चयन

**नैनी।** नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) नैनी प्रयागराज के 11 इंजीनियरिंग छात्रों को भारत की अग्रणी आईटी कंपनियों में से एक क्या सेडकोस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट कम्पनी लिमिटेड में 4.25 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर नौकरी मिली है। 2024 बैच के इन छात्रों को एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एएसई) के पद पर नियुक्त किया गया है। सेडकोस टेक्नोलॉजीज उत्तर प्रदेश की अग्रणी आईटी उत्पाद-आधारित संगठन है जिसे अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करने में विशेषज्ञता हासिल है। छात्रों के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए, डीन, कॉर्पोरेट और इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई, डॉ दिव्या बरतारिया ने बताया कि 450 से अधिक यूजीआई छात्रों ने कम्पनी द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया मे भाग लिया जिसमें कोक्यूब्स असेसमेंट, प्री-प्लेसमेंट टॉक, एचआर साक्षात्कार, टेक साक्षात्कार आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग और मूल्यांकन की कठोर प्रक्रिया के बाद कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस आईटी) शाखा के 11 छात्रों का कम्पनी ने चयन किया। इन छात्रों में अमन कुमार मिश्रा, आयुष तिवारी, अंजनी कुमार पांडे, किशन तिवारी, इशान चतुर्वेदी, अमन कुमार गुप्ता, संजीव तिवारी, अंजलि कुशवाहा, आयुषी मिश्रा, शिवम पांडे और हर्षित अग्रवाल शामिल हैं। यूजीआई के कॉरपोरेट रिलेशंस सेंटर (सीआरसी) के सदस्य प्रणव सिंह, मयूर पाठक, अनिलेश श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी, दिव्य प्रकाश, कीर्ति सिंह और निहारिका लाल सहित अन्य ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय किया।

# लागलि बाटइ निदिंया भुखिया प्यास हे हरि कहवां जाई

अखंड भारत संदेश

**जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन लोकरंग में कलाकारों ने बांधी समां, राम कथा प्रवाचक स्वामी विनोदानंद जी महराज ने बखानी प्रेम की महिमा**



**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के रामपुर में चल रहे 25वें जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर पहुंचे लोक कलाकारों ने पारंपरिक गीतों पर खूब समां बांधी।लोककलाकार विभव शंकर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के बाद लागलि बाटइ, निदिंया, भुखिया, प्यास हे हरि कहवां जाई की प्रस्तुति ने खूब बाहवाही लूटी। धीरज ऋतिराज, चंद्रभान प्रजापति, बृजभान यादव, रायचंद पाल, शनि विश्वकर्मा और मोहन जी पांडेय द्वारा प्रस्तुत धोबियागीत, चनैनी, कजरी, पूरबी, पंवारा जैसे गीतों ने बाहवाही लूटी, तो वही फूलचंद्र और साथियों के आल्हागीत पर श्रोता झूम उठे।लोक गायिका कौशल्या देवी ने सोहरगीत की प्रस्तुती पर खूब तालियां बटोरी। लोकरंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बचऊलाल यादव, अध्यक्षता श्यामलाल बेगाना और संयोजन रामबाबू याद ने किया। रामकथा सत्र में मंच पर पहुंचे स्वामी विनोदानंद जी महराज ने,रामहि केवल प्रेम पियारा जैसी चौपाइयों की व्याख्या करते हुए प्रेम को जगत का सार बताया।स्वामी जी ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए प्रेम ही सबसे सरल और सहज मार्ग है।आज भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए जाति वर्ग के सारे बंधन तोड़कर आपसी भाईचारे के साथ हमें प्रेम रसपान कर आगे बढ़ने की जरूरत है।संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले लोककलाकारों को अपनी माटी,परिपाटी और समरसता का संवाहक बताया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने संतो और कलाकारों समेत कथा श्रवण करने आये श्रोता भक्तजनों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन डा.राजेंद्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर शुक्ला, जितेंद्र कुमार, कमला शंकर त्रिपाठी, जगतपाल, परवेज सिद्धीकी, चंद्रशेखर सिंह,गेंदा सिंह, अशोक विश्वकर्मा, सूर्यभान यादव, रणजीत सिंह, मोहिनी श्रीवास्तव, अशोक बेशरम, अनुज पांडेय, अतुल तिवारी समेत बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### बलरामपुर का बुढ़वा मंगल मेला रोशनी से हुआ गुलजार



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलरामपुर बरेठी बाजार का ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला बुधवार को शांति ढंग से संपन्न हो गया ।इस दौरान हनुमान मंदिर से लेकर बलराम पुर, चौक मार्केट, गल्ला मंडी, बैंक कॉलोनी, शिव कॉलोनी, न्यू बजरंग कॉलोनी बरेठी, शांति मार्केट, शुक्ला मार्केट, सब्जी मंडी से बरेठी चौराहा तक बिजली का आकर्षक रंग बिरंगी झालरों एवं रोशनी से सजाया गया था। रोशनी की सजावट मेले की शोभा बढ़ा रही थी। रात भर लोगों ने नौटंकी एवं रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया ग्रामीण अंचलों से आए दर्शन न्यू बजरंग दल कमेटी के व गुंजन सर्विस के प्रोपराइटर नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू,प्राची मोबाइल सेंटर के प्रो0संजय केसरवानी,एवं सिंह किराना स्टोर के प्रभारी शिव पाल सिंह,व कमेटी के कार्यकर्ता रमेश सिंह,मोनू प्रजापति, बच्चन माली,अजय केसरवानी,मोनू केसरवानी,आदि कार्यकताओं ने कलाकारों को मारा एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया और चौकी के कलाकारों ने भोलेनाथ काली मां का तांडव कृष्ण सुदामा राधा की रासलीला से दर्शको का मन मोह लिया।और रात भर नौटंकी एवं रंगारंग कार्यक्रम का?आंनद उठाया। मेले में आए हुए झूले व खिलौने एवं गोलगप्पे व चुटहिया जलेबी का महिलाओं एवं बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। गुंजन सर्विस के प्रोपराइटर नागेंद्र सिंह ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके आए हुए मेला में दर्शकों का हार्दिक स्वागत किया उतराव थाना प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी ने अपने टीम के साथ बखूबी बुढ़वा मंगल मेला को संपन्न कराया।

### पूर्व विधायक ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



**बारा।** 25 अक्टूबर को झंझरा चौबे (थाना क्षेत्र शंकरगढ़) में हुई सड़क दुर्घटना का शिकार हुए अस्मित उर्फ अभय के घर मातम पसरा हुआ है। बुधवार को पूर्व विधायक डा. अजय कुमार उसके घर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। कहा, दुख की इस घड़ी में वह पूरे परिवार के साथ हैं। पूर्व विधायक के साथ हजारी लाल सिंह, विनोद कुमार सिंह, डा. जोगी,उग्रसेन द्विवेदी,मुन्नू, विनोद कुमार केसरवानी समेत तमाम अन्य नेता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। सड़क हादसे के बाद से ही अस्मित के घर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। इस सड़क हादसे में अस्मित समेत तीन लोगों की मौत हुई थी। बताते चलें कि शंकरगढ़ कस्बा के पुरानी बाजार निवासी अस्मित उर्फ अभय (21) पुत्र श्यामजी केसरवानी 25 अक्टूबर को किसी कार्य से नारीबारी गया था। अस्मित के साथ कस्बे के ही रानीगंज निवासी रोहिणी सेन भी था। वापसी में शाम तकरीबन छह बजे झंझरा चौबे के नजदीक सामने से आ रहेबाइक सवार से टक्कर हो गई। इस हादसे में अस्मित उर्फ अभय, रोहिणी सेन के साथ बाइक सवार शिक्षक सुनील द्विवेदी (42) की मौत हो गई। सुनील द्विवेदी क्षेत्र के भगदेवा के रहने वाले थे। यह हादसा तेज रफ्तार होने की वजह से हुआ था, जिस वजह से तीनों लोग असमय ही काल के गाल में समा गए।

# भरतु हंस रबिबंस तड़ागा, जनमि कीन्ह गुन दोष बिभागा



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के सातवें दिन दशरथ मरण एवं चित्रकूट में भरत मिलाप की लीला का अत्यंत मार्मिक मंचन श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया` राम के वन से न लौटने की सूचना पाकर महाराज दशरथ व्याकुल हो जाते हैं और कहते हैं कि हे राम तुम्हारे बिना जीते हुए मूझे बहुत दिन हो गए हैं` अब नहीं जिया जाता महाराज दशरथ अपने हृदय की गहराइयों से ' हा राम हा राम ' पुकारते हैं और प्राण त्याग देते हैं` दशरथ मरण की लीला देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं` अगले दृश्य में भरत समस्त पुरजनों के साथ राम को मनाने चित्रकूट जाते हैं` राम के वापस न लौटने पर वह राम की खड़ाऊ को अयोध्या के राज सिंहासन पर स्थापित कर राम के प्रतिनिधि के रूप में अयोध्या का शासन संभालने लगते हैं` रामलीला में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, अनिल चौधरी, शिव दानी सिंह, राम जी मिश्रा, उदय सिंह, पंकज सिंह, संतोष सिंह, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, प्रभात सिंह, हरी बाबू सिंह, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

### सीता हरण नमक रामलीला का मंचन देख दर्शकों की आंखें नम हो गई



**करछना।** आदर्श रामलीला कमेटी भुण्डा के कलाकारों की ओर से बौलियां देवी धाम में चल रही 10 दिवसीय रामलीला के मंचन में रामलीला देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। मंगलवार को कलाकारों की ओर से सीता हरण का मंचन किया गया। जिसमें प्रभु श्री राम ने रावण की बहन शूर्पणखा का नाक काटकर उसे लंका वापस भेज दिया। जिससे लंका पति रावण क्रोधित होकर मामा मारीच के साथ सीता जी का हरण किया। वहीं सीता हरण होने के पश्चात रास्ते में रावण और गरुड़ जी का युद्ध भी हुआ। मंचन में आरती के समय ओम शिवम पांडेय युवा कलाकार द्वारा राम के भक्ति गीत भी गाए गए। जिससे दर्शक काफी मंत्र मुग्ध हु। रामलीला समिति के वरिष्ठ कलाकार और रामलीला के सभी प्रमुख पात्र इस मौके पर उपस्थित रहे । डायरेक्टर सुभाष पांडेय अध्यक्ष अधिवक्ता पिंटू पांडेय , रामबाबू चौरसिया प्रबंधक इन्द्रजीत शर्मा व्यवस्थापक संजीव शर्मा व आशुतोष कुमार पांडेय संजय दुबे व्यास पीठ पर अनिरुद्ध प्रसाद शर्मा , उदय शंकर पाठक, राम पूजन यादव, बल्लू पुरबिया, उमेश पांडेय, आदि मौजूद रहे । प्रमुख पात्रों में राम के रूप में प्रवीण कुमार द्विवेदी और लक्ष्मण के रूप में नैतिक पांडेय व के रावण के रूप में रमेश पांडेय सहित संजय पांडेय ,रमेश पांडेय ,रवि प्रकाश पांडेय ,आदर्श शर्मा, संजय पाठक ,राजेंद्र पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### अंगद रावण संवाद से गुंजायमान हुआ असवां गांव



**जंघई।** आदर्श रामलीला समिति असवां तिवरान एवं राघव सेवा ट्रस्ट द्वारा श्रीरामलीला चंचन में सेतु निर्माण, रामेश्वरम की स्थापना एवं अंगद और रावण संवाद तथा लक्ष्मण शक्ति तक की लीला का मंचन किया गया ।रामलीला में विभीषण अपने भाई रावण से अपमानित होकर श्रीराम की शरण में आता है इसके बाद श्रीराम समुद्र के किनारे भगवान भोलेनाथ से विजय का आशीर्वाद लेने के लिए रामेश्वरम की स्थापना करते हैं इसके बाद भगवान ने समुद्र पर पुल बनवाया समुद्र पार कर भगवान की वानर सेना लंका जा पहुंची इसके पश्चात भगवान ने रावण के पास अपना दूत बनाकर अंगद को भेजा अंगद ने रावण को समझाया कि अपना भला चाहते हो तो माता सीता को लौटा कर भगवान की शरण में आ जाओ इस पर रावण क्रोधित हो जाता है तब अंगद ने रावण को अपना पैर हिलाने की चुनौती दी। अंगद रावण का परस्पर तीखा संवाद होता है रामलीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं ।रामलीला मंचन में रावण की भूमिका प्रकाश चंद तिवारी, अंगद परमानंद मिश्रा, राम प्रवीण कुमार तिवारी, लक्ष्मण हरिओम पांडेय, विभीषण कमल राज यादव, हनुमान उमेश तिवारी, मेघनाथ रमेश तिवारी, सुषेण वैद्य लाल यादव, जामवंत ओम तिवारी, मंत्री सूरज तिवारी, डायरेक्टर राहुल तिवारी उर्फ कल्लू भैया सहित उपस्थित लोगों में पंकज मिश्रा सपा नेता, ओमप्रकाश मिश्रा, अजय पांडेय, सूर्य प्रकाश पांडेय, राजकुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष शिवसागर पांडेय, संतोष कुमार तिवारी व्यास, प्यारे मोहन मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्र, धीरज पांडेय, सुभाष चंद्र मिश्र, तारकनाथ पांडेय, लालजी तिवारी, अरविंद तिवारी, सुरेश चंद्र तिवारी, डब्लू मिश्रा, चंद्रमणि तिवारी अध्यक्ष आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट आदि लोग मौजूद रहे।

### विनीत पति त्रिपाठी दूसरी बार बनें जिला अध्यक्ष, लोगों में खुशी



**करछना।** प्रयागराज विधानसभा क्षेत्र के नरैना गांव निवासी विनीतपति त्रिपाठी को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की संस्तुति पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज की ओर से सोमवार को प्रयागराज यमुना पार का पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी विनोद सरोज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के हवाले से प्राप्त हुई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विनीतपति त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह से निष्ठा और ईमानदारी तथा मेहनत के साथ पार्टी के प्रतिकार्य किया हूं । वैसा ही और उससे ही बेहतर कार्य पार्टी के हित के प्रति करता रहूंगा। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज के प्रति आभार जताया है। मंगलवार को रोकड़ी चौराहे पर स्थानीय लोगों की ओर से खुशी का इजहार किया गया। वहीं आपस में एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया गया। इस मौके पर सुरेश तिवारी, रामअक्षयवर शुक्ल, सुशील कुमार मिश्र, दीपक तिवारी, विनायक तिवारी, सतीश तिवारी, राम अनुज पांडेय ,राजेश्वर शुक्ल, डीएम मिश्र, नवीन केसरवानी शिवम् ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

# असवां की रामलीला में राम का राज्याभिषेक एवं मेले का आयोजन



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट असवां द्वारा संचालित रामलीला के अंतिम दिन कुंभकरण वध, अहिरावण वध, रावण वध एवं राम का राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन दिव्य एवं भव्य आरती के साथ संपन्न हुआ। इसके पूर्व भगवान श्रीराम और भरत का मिलाप होता है और श्री राम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं। तब गुरु वशिष्ठ उन्हें राजतिलक के लिये कहते हैं और अयोध्या में प्रभु श्रीराम का राजतिलक होता है इसी के साथ रामलीला के मंचन का समापन होता है और मेले आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह फंटू भाजपा के वरिष्ठ नेता भोलानाथ मिश्रर, डॉक्टर विकास पाल, ओमप्रकाश मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्रर, विजय कुमार, रोहित कुमार तिवारी, आशाराम मिश्र, कृष्ण कुमार मिश्रा वैद्य, शिवसागर पांडेय, सूर्य प्रकाश पांडेय, लाइव प्रसारण कर रहे मदन कुमार यादव, मीडिया प्रभारी विकास तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, व्यास प्यारे मोहन मिश्रा, राम प्रवीण कुमार तिवारी, लक्ष्मण हरिओम पांडेय, सीता नितिन कुमार तिवारी, रावण राहुल तिवारी, कुंभकरण विकास पांडेय, अहिरावण सच्चिदानंद मिश्रा, रावण के मंत्री सूरज कुमार तिवारी, साकेत कुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, सती सुलोचना धीरज पांडेय उर्फ मुन्ना, मेघनाथ रमेश तिवारी, हनुमान उमेश तिवारी, जामवंत ओम तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग आरती में भाग लिए ।प्रभु रामचंद्र जी का आरती किया गया तथा महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### उद्घाटन पश्चात मुकुट पूजन के साथ नारद मोह के साथ शुरू हुआ भरहा रामलीला मंचन

**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के भरहा गांव में श्री शिशु रामलीला कमेटी भरहा का रामलीला मंचन के उद्घाटन समारोह के मौके पर व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी व प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू के द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया इस मौके पर श्री शिशु राम लीला कमेटी के अध्यक्ष भारत राम सिंह संरक्षक शोभाराम पटेल , उपाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद पटेल प्रबंधक जितेन्द्र कुमार पटेल मनोज कुमार पटेल , डायरेक्टर हरिहर प्रसाद सिंह , मच पर मौजूद रहे श्री शिशु रामलीला कमेटी के कलाकार द्वारा मुकुट पुजन के बाद नारद मोह का खेल दिखाया गया जहां नारद जी की तपस्या करते हुए कामदेव को पराजित करना और पृथ्वी लोक के मायाजाल में आकर विवाह करने की जिज्ञासा लेकर विष्णु भगवान से उनका रुप मांगना बदले में उनका अहंकार भंग करने के लिए विष्णु जी द्वारा नारद को बानर का रूप देना जिससे नारद जी को अपमानित होकर लज्जित होना और क्रोध में आकर विष्णु जी को श्राप दे देना आदि रामलीला मंचन किया गया इस मौके पर कमेटी नन्हे मुन्ने कलाकारों द्वारा अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए श्रीरामचन्द्र जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

### विभीषण शरणागति व सेतु बंध रामेश्वर लीला का मंचन



**जंघई।** आदर्श छात्र संघ रामलीला समिति गहरपुर खखैचा की रामलीला मंचन में विभीषण शरणागति व सेतु बंध रामेश्वर लीला का मंचन किया गया बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंच रहे हैं ।रामलीला में पात्रों ने लीला का मंचन करते हुए बताया कि, भक्त विभीषण को रावण द्वारा त्याग देने पर भगवान राम की शरण में आना यहां भगवान राम ने लंका के राज पाठ का तिलक किया। भक्त विभीषण का पीछा करते हुए लंका से रावण के गुप्तचर सुख एवं सारण राम दल में पहुंचते हैं यहां उनको पहचान लिया जाता है। रामा दल की सेना सुख और सारण को सजा देने लगती है तब उन्होंने भगवान राम की शपथ से अपने आप को बचाया। इस बार लक्ष्मण जी द्वारा सुख और सारण को एक पत्र के माध्यम से रावण को संदेश देते हैं वह संदेश ले जाकर रावण को सुनाया जाता है। संदेश सुनने के बाद सुख-सारण रामा दल का बखान करते हैं, जिस पर रावण नाराज होकर दोनों को लंका से भगा देता है ।भगवान राम द्वारा समुद्र देव को मनाया जाता है पुल निर्माण के पूर्व भगवान राम द्वारा भगवान शिव की स्थापना समुद्र कि नारे लगाए जाते हैं, जो कि भारत का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। पुल निर्माण पूर्ण होने पर भगवान राम की वानर सेना लंका पहुंचती है।

### मरम्मत के नाम पर करोड़ों का धन हो रहा दुर्पयोग



**कोराव।** कोरांव ब्लॉक के देवरी मे बना डाक बगला रिपेयर के लिए करोड़ो रुपए आया हैं काम मानक के अनुसार नहीं कराया जा रहा सिचाई विभाग द्वारा अरुआरी गांव से लेकर देवरी`स्त्र बार्डर का गाव पथरपुर तक नहर के बगल बगल पैचिंग मरम्मत का काम सिचाई विभाग द्वारा कराया जा रहा लेकिन रोलर नहीं चलवाया जा रहा पानी डिब्बा से मजदूर डाल रहे हैं मानक के अनुसार काम नहीं कराया जा रहा इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल व ईमेल के जरिये उच्चाधिकारियो से किया गया हैं। बालू आदि सब घटिया किस्म की हैं। इस संबंध में मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट के सचिव/निदेशक अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार ने सिंचाई विभाग बेलन नहर प्रखंड के प्रमुख से तत्काल हस्तक्षेप कर जाच कार्यवाही की मांग की है जिससे सरकारी धन का दुर्पयोग न हो सके।

# करवाचौथ पर महिलाओं ने किया चांद का दीदार

## दिन भर निर्जला व्रत रहकर, रात में चांद निकलने पर शुभ मुहूर्त में किया पूजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सुख समृद्धि और पति की दीघार्यु की कामना के लिए आज बुधवार को महिलाएं करवाचौथ का निर्जला व्रत रखकर पूजा पाठ किया। एक दिन पहले मंगलवार को पूरे दिन बाजारों में महिलाएं पूजा के सामान, कपड़े आदि की खरीदारी करती रहीं। पूरा श्रृंगार कर आज सूर्यास्त के बाद शुभ मुहुर्त में महिलाओं ने विधि विधान से पूजन किया।शाम को चंद्रमा देखने के बाद व्रती महिलाएं अर्घ्य दिया। इसके बाद चलनी से चंद्रमा को देखने के बाद पति को देखा। इसके बाद महिलाओं ने जल ग्रहण किया। सुहागिन महिलाओं के लिए यह बड़ा अहम व्रत माना जाता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदयव्यापिनी चतुर्थी आज एक नवंबर की रात 10.59 बजे तक रहेगी। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग होने की वजह से महिलाओं के इस व्रत का महत्व बढ़ गया है।बालू या सफेद मिट्?टी की वेदी बनाकर उसमें भगवान शिव, पार्वती, गणेश व कार्तिकेय को स्थापित करें। करवाचौथ की पूजा में सोना, चांदी या मिट्?टी का ही करवा रखें। पीली मिट्?टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर रखें। गौरी को लकड़ी के आसन पर बैठाएं। गौरी को चुनरी ओढ़ा दें सुहाग के सामान से उनका अच्छे से श्रृंगार करें। रोली से करवा स्वास्तिक बना लें। करवा पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवाचौथ की कथा कहें या सुनें। कथा समाप्त होने के बाद करवा पर हाथ घुमाकर अपनी सास के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें ही दे दें।

### करवा चौथ पर महिलाओ ने रखा निर्जला व्रत

**मांडा।** क्षेत्र में बुधवार के दिन पति के दीघार्यु की कामना के लिए सुहागिनों ने दिनभर करवा चौथ का निर्जला व्रत रखकर सायं काल स्नान के पश्चात श्रृंगार कर महिलाएं चंद्रोदय से पूर्व विधि विधान के साथ भगवान शिव, माता पार्वती, देवाधिदेव गणेश जी तथा कार्तिकेय जी की पूजा अर्चना कर अपने अमर सुहाग की कामना की। सनातन धर्म में विवाहित महिलाओं के लिए सुहाग से बड़ा कोई धन नहीं होता है। इसी सुहाग की सलामती के लिए सुहागिन महिलायें करवा चौथ बुधवार को व्रत रखा। इस मौके पर व्रती महिलाओं ने सायं काल श्रृंगार कर बेदी पर भगवान शिवजी, पार्वती, गणेश जी व कार्तिकेय जी की प्रतिमा रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा इस व्रत से जुड़े कथा को सुनकर पति के दीघार्यु की कामना की।

# नैनी में श्रद्धा उल्लास से मनाया करवा चौथ, पति की लंबी उम्र की प्रार्थना





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्थी, बुधवार को प्रेम, समर्पण का प्रतीक करवाचौथ श्रद्धा, उल्लास से मनाया गया है। महिलाओं ने सुबह स्नान करके निर्जला व्रत का संकल्प लिया। शाम को महिलाएं मेहंदी रचे हाथों में लाल चूड़ी, मांग में सिंदूर, लाल साड़ी, आभूषण सहित सोलह श्रृंगार करके मां गौरी, भगवान शंकर जी, गणेश जी व कार्तिकेय को पुष्प, अक्षत, धूप, दीप आदि अर्पित पूजन-अर्चन कर। रात में 8.05 बजे चंद्रोदय देखने के बाद पर व्रती महिलाएं चंद्रमा को अध्य देकर पति को चलनी से देखने के बाद व्रत का पारण करी। मान्यता है कि करवा चौथ व्रत से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। करवाचौथ के अवसर पर समाजिक आकांक्षा जयसवाल बताती है कि व्रत रखने से अखंड सौभाग्यवती का वरदान मिलता है यह व्रत के एक दिन पहले से हम लोग तैयारी करते हैं। भला है बुरा है जैसा भी है, मेरा पति मेरा देवता है, फिल्मी गीत की यह पंक्तियां करवाचौथ के दिन पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। पूरे साल भले ही पति-पत्नी के रिश्ते में कुछ खट्टा कुछ मीठा अनुभव रहता हो लेकिन करवाचौथ के दिन पत्नियां अपने पति की सलामती और लंबी उम्र के लिए पूरा दिन निर्जला व्रत रखकर अपने पतिव्रत धर्म का सबूत देतीं हैं। व्रत रखकर हर पत्नी अपने पति को अपनी भी उम्र लगने की कामना करती है। सुहागिनें तीन दिन पहले से ही करवाचौथ की तैयारियों में जुटी हुई थीं और बुधवार का दिन महिलाओं के लिए खासा मुश्किलों भरा रहा। करवाचौथ की सुबह से ही पूरा दिन निर्जला व्रत और दिन भर पकवान बनाने में व्यस्तता के बाद जब शाम ढ़ली तो महिलाओं की निगाह आसमान की ओर टिक गई।

# करवा चौथ पर सुहागिनों ने किया विधि विधान से पूजा अर्चना

अखंड भारत संदेश



**जारी।** जारी क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में अखंड सौभाग्य के लिए दिन बुधवार को सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत बड़ी विधि विधान के साथ किया गया पूजा अर्चना। इसके लिए महिलाओं ने जमकर तैयारी सुबह से कर रखी थी ।तो वही रश्मि श्रीवास्तव और नीलम गुप्ता ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ के दिन इस दिन मां पार्वती भगवान शिव कार्तिकेय और गणेश जी का पूजन किया जाता है इस व्रत में मां पार्वती से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं इस दिन करवे में जल भरकर कथा सुनने का विधान है महिलाएं सुबह सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जल व्रत रखती हैं और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलती हैं। करवा चौथ पर महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और रात के समय चंद्र दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं. करवा चौथ में चंद्र देव की आराधना का महत्व विशेष होता है. शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि अगर चंद्र देव की उपासना की जाए तो इससे दीर्घ आयु और पति-पत्नी के बीच प्रेम में बढ़ोतरी होती है.कोरे करवा में जल भरकर करवा चौथ व्रत कथा कहां गया। मां पार्वती को श्रृंगार सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई उसके बाद मां पार्वती भगवान गणेश और शिव की अराधना किया गया महिलाएं पति के हाथ से पानी पीकर या निवाला खाकर अपना व्रत खोला ।पूजन के बाद सास- ससुर और घर के बड़ों का आशीर्वाद लिया।

### मऊआइमा क्षेत्र में आज से पांच नवम्बर तक बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**मऊआइमा।** मऊआइमा फीडरों से बिजली आपूर्ति 2 नवम्बर से 5 नवम्बर तक प्रभावित रहेगी। बिजली के तारों,पोलों के आप पास वृक्षों की डालों की छंटाई की जाएगी। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता शशिभूषण ठाकुर ने देते हुए बताया कि दो नवम्बर से पांच नवम्बर तक सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक मऊआइमा रेलवे स्टेशन, और रेलवे ट्रेकों के आस पास विद्युत तारों और पोलों पर वृक्षों डालों के आने से उसकी कटाई छंटाई के कारण 33 केवी प्रथम नगर पंचायत मऊआइमा की आपूर्ति बंद रहेगी।जिसकी आपूर्ति दो नवम्बर से की जाएगी यदि लोड बढा तो द्वितीय नम्बर फीडर की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। उक्त कार्य दो नवम्बर से पांच नवम्बर तक नगर पंचायत मऊआइमा, तिलई बाजार, अमानगंज, दहियावां आदि की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिसके लिए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गयी है।

# पति की दीघार्यु के लिए सुहागिनें रहीं निर्जला व्रत

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** करवा चौथ का सुहागिन महिलाओं के लिए यह पावन व्रत बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना से उपवास करती हैं। शाम को विधि विधान से धूप दीप व पूजा अर्चना के बाद चंद्रमा को देखकर पति की मौजूदगी में व्रत खोलती हैं। इस मौके पर पति भी पत्नी का साथ देते हैं। सायंकाल उनके साथ पूजा करते हैं और जल पिलाकर पत्नी का व्रत पूरा कराते हैं। क्षेत्र के सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी के बाद शाम को चौक बनाकर उस पर भगवान शिव माता पार्वती एवं भगवान गणेश तथा चंद्रमा की मूर्ति का विधान पूर्वक धूप दीप के बाद पूजन अर्चन एवं आरती कर ईष्ट देव का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। तत्पश्चात चंद्रोदय की शुभ मुहूर्त में पति की दीघार्यु की कामना के साथ चंद्रदेव को अर्घ्य देते हुए पति को सम्मुख देख अपना व्रत पूरा करती हैं। जिस पर पति अपनी व्रती पत्नी को जल पिलाकर पारण कराते हैं। उसके उपरांत सुहागिन पत्नी अपने पति का चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इस व्रत के पावन अवसर पर सिंगरामऊ गांव निवासी दंपति प्रतिमा द्विवेदी अपने पति पंकज द्विवेदी सहित आदि व्रती सुहागिनों ने अपने पतियों को सम्मुख देख व्रत को पूरा करते हुए अपने पतियों के हाथ से जल ग्रहण करते हुए व्रत का पारण किया। इस अवसर पर अचार विद्वान ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष 100 साल बाद सर्वार्थ सिद्धि योग में सुहागिन महिलाएं चार महायोगों में आज के दिन करवा चौथ का विधान से पूजन करने के पश्चात हर मनोकामना की पूर्ण होने एवं पति की दीघार्यु व निरोगी जीवन और सुख समृद्धि के लिए व्रत रखकर चंद्र देवता को अर्घ्य देकर अपनी मनोकामना की प्रार्थना करेंगी। और चंद्र देवता के साथ अपने पति का भी आशीर्वाद लेते व्रत को पूरा करती हैं।

### गाली बाज कोटेदार का वीडियो वायरल दर्ज हुई रिपोर्ट

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे एक कोटेदार सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने गए वृद्ध को गली दे रहा है। जिसका किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया और पीड़ित की तहरीर पर बुधवार को कोटेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वही खाद्य रसद विभाग मामले में चुप्पी साधे बैठा है। पुलिस की माने तो वीडियो बहादुरपुर विकास खंड के लीलापुर कला गांव का है। गांव में स्थित राशन की दुकान पर एक वृद्ध राशन लेने गया था। किसी बात पर कोटेदार नराज हो गया और वृद्ध पर भड़क गया और गंदी गंदी गालिया देते हुए उसे भाग दिया। वृद्ध वहा से चला गया। वीडियो पुलिस के संज्ञान में आने के बाद एसीपी थरवई ने कार्यवाही का निर्देश दिया तब सरायइनायत पुलिस ने बुधवार को पीड़ित से तहरीर लेकर कोटेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार की कई बार शिकायत खाद्य रसद विभाग से लेकर जिलाधिकारी तक से की पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुआ।



### पुलिस ने ठगी के रुपए पीड़ित को वापस किया

**झूंसी।** साइबर ठगी के शिकार हुए युवक की शिकायत पर झूंसी पुलिस ने ठगी के शिकार हुए युवक के खाते में 69 हजार रुपये लौटाए। झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि छतनाग निवासी आशुतोष कुमार के खाते से गेमिंग एप के माध्यम से पैसे दुगना करने के नाम पर 20 अक्टूबर को साइबर ठगों ने पीड़ित के खाते से 69 हजार रुपये उड़ा दिए थे। पीड़ित ने तत्काल मामले की जानकारी झूंसी पुलिस को दी। साइबर सेल हेल्प डेस्क में तैनात उप निरीक्षक धर्मेंद्र यादव व सिपाही मनोज यादव ने तत्कार पैसे को होल्ड करा दिया था। बुधवार को पीड़ित के खाते से कटे हुए रुपये वापस उसी के खाते में लोटवाये गए। रकम पा कर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देखा मतपेटी लूटने का वीडियो

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में वकीलों के आचरण पर उठाए सवाल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा हंगामा किए जाने व मतपेटी लूटने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में पहुंच गया। हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की। पूरे घटना का वीडियो भी देखा। हाईकोर्ट ने वकीलों के इस आचरण पर सवाल भी उठाए। अब हाईकोर्ट ने 20 नवंबर को पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी है।फिलहाल अधिवक्ता संघ का चुनाव तब तक के लिए स्थगित रहेगा। वहीं इस मामले में अध्यक्ष पद के तीन और मंत्री पद के तीन प्रत्याशियों के खिलाफ रिटर्निंग ऑफिसर बीडी शुक्ला की ओर से एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश पर 27 अक्टूबर को जिला अधिवक्ता संघ के लिए हो मतदान हो रहा था। मतदान के दौरान करीब 3 बजे तक सबकुछ सही चल रहा था। इसी बीच अध्यक्ष व मंत्री पद के कुछ प्रत्याशियों व उनके समर्थकों द्वारा हंगामा कर दिया गया। एक मतपेटी ही लूट लिए और उसका ताला तोड़कर मतपत्रों को फेंक दिया। उनके द्वारा चुनाव व्यवस्था को बाधित किया गया। मतदान स्थगित कर बची मतपेटियों को सुरक्षित रखवा दिया गया था। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल हुआ था। कर्नलगंज थाने में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से जांच कर रही है। इसम मामले की सुनवाई जस्टिस एमसी त्रिपाठी और जस्टिस प्रशांत कुमार की डिवीजन बेंच में हुई।जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। कृष्ण बिहारी तिवारी, रंजीत यादव, राकेश कुमार तिवारी, शीतला प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्र रज्जू, राकेश कुमार दुबे, सुशील कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्र, कौशलेस सिंह, अरुण पांडेय, कृष्ण चंद्र मिश्र बऊ व रामचंद्र शर्मा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी थे। इसी तरह मंत्री पद के लिए ऋषि शंकर द्विवेदी, दिनेश चंद्र पांडेय, वरुण कुमार सिंह, आलोक शुक्ल, विनय कुमार सिंह, राहुल शुक्ल, श्यामधर चंदन, जितेंद्र यादव जीतू, मजेंश शुक्ला, कमलेश्वर प्रसाद तिवारी, रत्नेश शुक्ल, सुधाकर पांडेय, नितिन दुबे वअरुण प्रकाश उपाध्याय चुनाव लड़ रहे थे।

### दो सगी सगी बहनों के साथ छेड़खानी का आरोप, थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** एक महिला ने दो युवकों पर घर में घुस कर दो सगी बहनों के साथ छेड़खानी एंव मार पीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि रात में उसके घर में गांव के दो युवकों द्वारा उसके घर में घुस कर उसकी दोनों पुत्रियों के साथ छेड़खानी की गयी विरोध पर सभी को मारा पीटा गया।तथा कपड़े फाड डाले।महिला ने दोनों युवकों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

# कृष्ण हर परिस्थिति में करते हैं अपने भक्त की रक्षा : कृष्ण देव महाराज

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी एडीए कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण पार्क में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पूज्य श्री कृष्ण देव जी महाराज ने कहा कि कृष्ण अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं` द्रोण पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश नाश एवं दुर्योधन की संतुष्टि के लिए उत्तरा के गर्भ में पाल रहे परीक्षित के ऊपर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया` उत्तरा वीर अभिमन्यु की धर्मपत्नी एवं भगवान कृष्ण की बहन सुभद्रा की पुत्रवधू हैं ` ब्रह्मास्त्र के प्रहार से उत्तरा को असहनीय दर्द होने लगा` तब माता कुंती ने कृष्ण से प्रार्थना की` कृष्ण ने सुदर्शन चक्र को उत्तरा के गर्भ की रक्षा के लिए आदेश दिया` सुदर्शन चक्र ने गर्भ में पल रहे परीक्षित को ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से सुरक्षित कर दिया` चूंकि बालक की परीक्षा मां के गर्भ में ही हो गई थी इसीलिए बालक का नाम परीक्षित रखा गया` परीक्षित से ही पांडवों का वंश आगे बढ़ा` अपने सखा अर्जुन की तो कृष्ण ने हर पल, हर परिस्थिति में रक्षा की` अर्जुन महाभारत में विजयी इसलिए रहे क्योंकि उनके साथ कृष्ण खड़े थे ` मनुष्य तभी तक विजयी रह सकता है जब तक कृष्ण उसके साथ हों` इसलिए हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए की कृष्ण हमसे दूर चले जाएं` चंद्रिका प्रसाद पांडेय, भजु रामा पांडेय, भगवान प्रकाश प्रसाद दुबे ने भगवान की आरती की` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद कुमार तिवारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, आर के शुक्ला, कमल सिंह, पिंकी शुक्ला, रमन प्रताप सिंह, प्रज्वल नारायण मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, पी एन पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सुरेश विश्वकर्मा, अशोक जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



### त्रैतापों का शमन करने वाली है श्रीमद्भागवत कथा

श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

**नैनी।** नैनी एडीए कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण पार्क में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास पूज्य श्री केशव देव जी महाराज ने कहा कि यह संसार अस्थाई दुःखालय है। जीव दैहिक, दैविक, भौतिक तीनों प्रकार के तापों से ग्रसित है। श्रीमद्भागवत कथा के पठन पाठन श्रवण से इन तीनों प्रकार के तापों का शमन हो जाता है और जीव को शांति मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि कृष्ण आनंद कंद हैं। कृष्ण कथाएं जीव को परमानंद की प्राप्ति कराती हैं जब जीव श्रीमद्भागवतकथा सुनने का संकल्प लेता है तो भगवान उसी क्षण उस जीव के हृदय में आकर अवरुद्ध हो जाते हैं कृष्ण टेढ़े है। आसानी से हृदय में प्रवेश नहीं करते किंतु एक बार प्रवेश कर गए तो फिर निकलते नहीं प्रमोद कुमार तिवारी, मालती तिवारी, सुरेश चंद्र मिश्र, सुशीला मिश्रा ने भगवान की आरती की।जायसवाल उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दर्शनी वि. ख. कोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्रा. प.-निविदा/2023-24 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक 29-10-2023

ग्राम पंचायत दर्शनी विकास खण्ड कोरांव प्रयागराज के स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्ध योजना के अंतर्गत पूर्ण सामग्री आपूर्ति हेतु (श्रम एवं सामग्री) ई रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर एवं अन्य निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, सीमेंट, काली की गिट्टी आदि का कार्य एस0बी0एम0/15 वाँ वित्त / केन्द्रीय वित्त व मनरेगा आयोग से कार्य कराने हेतु दिनांक 30.10.2023 से दिनांक 12.11.2023 तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 13.11.2023 को सायं 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10रु के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने को अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोटः– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार घट बढ़ सकती है। इस तरह कार्यो की संख्या भी घट बढ़ सकती है।

| क्र0 सं0 | गतिविधि विवरण | वित्तीय स्रोत | मात्रा | प्रति इकाई लागत | लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट | MNREGA | 2 | 2225 | 4450 |
| 2. | सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्टपिट) | SBM (G) | 2 | 5800 | 11600 |
| | | FFC | 2 | 5800 | 11600 |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | FFC | 1 | 29300 | 29300 |
| 4. | कचरा वाहन (ई–रिक्शा /साइकिल रिक्शा) | SBM (G) | 1 | 55000 | 55000 |
| 5. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध केन्द्र(ISSWMC) | SBM (G) | 1 | 450000 | 450000 |
| | | FFC | 1 | 100000 | 100000 |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक) | FFC | 2 | 14800 | 29600 |
| 7. | व्यक्तिगत सोक पिट | MNREGA | 3 | 6275 | 18825 |
| 8. | हैण्डपम्प पर सोक पिट | SBM (G) | 2 | 14950 | 29900 |
| | | FFC | 3 | 14950 | 44880 |
| 9. | सेप्टिक टेंको से निकलने वाले ब्लैकवाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | MNREGA | 1 | 7000 | 7000 |
| 10. | कार्य योजना का नाम | | | योजना का नाम | अनुमानित लागत |
| 11. | दर्शनी में काली सड़क से कन्हैया लाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | | | मनरेगा | 6.3 लाख |
| 12. | शिलापट्ट निर्माण कार्य | | | पंचम/पन्द्रहवां/मनरेगा | |
| 13. | प्राथमिक विद्यालय दर्शनी अतिरिक्त कक्ष एवं रसोई में टाइल्स का कार्य | | | पंचम/पन्द्रहवां/मनरेगा | 2 लाख |
| 14. | महेन्द्र के घर से काली सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य | | | पंचम/पन्द्रहवां/मनरेगा | 1.8 लाख |
| 15. | सेवा कान्त के घर से काली सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य | | | पंचम/पन्द्रहवां/मनरेगा | |
| 16. | वाल पेंटिंग | | | पंचम/पन्द्रहवां/मनरेगा | |

दिनेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दर्शनी
वि0 ख0 कोरांव प्रयागराज

संजय कुमार
ग्रा. पं. वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत दर्शनी
वि0 ख0 कोरांव प्रयागराज

# पतियों की सलामती के लिये दिन भर महिलाओं ने रखा निराजली व्रत

## रात साढ़े आठ बजे दिखा चांद तो गले के नीचे उतरा पानी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** करवा चौथ के त्योहार पर महिलाओं ने दिन भर निराजली व्रत रखकर शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने पतियों की सलामती व खुशहाली के लिये प्रार्थना अर्चना की और चांद का दीदार होने पर पतियों के हाथों से जल ग्रहण किया।

हिन्दू समाज में महिलाएं करवा चौथ को अपने सौभाग्य का महत्वपूर्ण दिन मानती हैं। इसमें विवाहित महिलाओं के अलावा अविवाहित किशोरियां भी अच्छा पति मिलने के लिये व्रत रखती हैं। बुधवार की शाम को सूर्य ढलते ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाल सजाकर अपने-अपने घरों में लगभग एक घंटे तक पूजा अर्चना करने के बाद रात सवा आठ बजे से चांद के दीदार होने का इंतजार करने लगीं। साढे. आठ बजे चांद दिखाई पड़ा तो चलनी में चांद देखकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी छा गई। ऐसा लगा कि उनके पतियों की खुशियां इसी चंद्रमा की रोशनी में छिपी थी जो सामने आ गई। पूजा का कार्यक्रम ज्यादातर तो घरों में हुआ लेकिन कुछ कार्यक्रम मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर किया गया। चांद का दीदार होने के बाद पतियों के हाथ जल ग्रहण करने के बाद पूजा के पहले बनाये गये पकवान को चढ़ाकर उसका प्रसाद भी ग्रहण किया।



करवा चौथ पर पूजन अर्चन करती महिलाएं।

## दो दिवसीय कंस वध लीला मेला का समापन

**परियावां, प्रतापगढ़।** ऐतिहासिक कंस वध लीला मेला का मंगलवार को कंस के पुतले को आग लगाकर समापन किया गया दो दिवसीय मेले के समापन पर मंगलवार को मेले मे महिलाओ के साथ बच्चो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी बच्चो ने झूले मे झूलकर मेले का लुफ्त उठाया भीड़ भाड़ वाली जगह मे नवाबगंज पुलिस तटस्थ दिखाई दी खाने पीने की दुकान चटपटा व मिठाई मे गुड़ की बनी जलेबी की जमकर बिक्री हुई बुधवार को करवा चैथ पड़ने के कारण महिलाओ ने मिट्टी के बने करवा व सीक की खरीददारी किया मेले मे सजी खुशी आइसक्रीम की मेलार्थियों ने आंनद उठाया मेले की कमान उप निरीक्षक हरीश तिवारी व सिपाही इंदल दिनेश कुमार के साथ महिला पुरुष सिपाही संभाले हुए थे भीड़ की जगह शरारती तत्वों पर नर्ज रखे हुए थे। शांति पूर्ण ढंग से मेले का समापन होने पर जहा पुलिस ने राहत की सांस ली वही मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

# ऐसा सरकारी स्कूल जहां पांच बजे तक चलती हैं विशेष कक्षाएं

## बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता देख, गदगद हुए अपर जिला अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में हो रहे विकास कार्यों का शाम करीब चार बजे निरीक्षण करने आए अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा विद्यालय में चल रही कक्षाएं देख उनका वाहन अचानक परिसर में प्रवेश किया तो स्कूल टाइम के पश्चात भी इंचार्ज शिक्षक मो० फरहीम बच्चों को पढ़ाने में मशगूल थे।

विद्यालय में प्रवेश करते ही वहां की व्यवस्था देखकर ए डी एम आश्चर्य चकित रह गए। प्रधानाध्यापक कार्यालय, डिजिटल स्मार्ट क्लास, साइंस लैब, क्रियाशील पुस्तकालय और सुसज्जित परिसर आदि देखकर बहुत प्रसन्न हुए। विद्यालय प्रांगण में लगे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल बच्चों की फोटो भी देखा, जिसमें विगत वर्षों में क्रमशः 26 व 19 बच्चों ने सफलता प्राप्त की थी। इस उपलब्धि पर भी उन्होंने शिक्षक फरहीम की प्रशंसा की। तत्पश्चात कक्षाओं में प्रवेश किया और बच्चों से पूछा क्या पढ़ रहे हो।

बच्चों ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 की तैयारी कर रहे हैं। बच्चों से पूछा कितने बजे तक कक्षाएं चलती हैं। बच्चों ने जवाब दिया शाम 5 बजे तक कक्षाएं चलती हैं। एडीएम ने कई सवाल बच्चों से पूछा सभी सवालों का जवाब एक साथ बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से दिया। बच्चो की शैक्षिक गुणवत्ता देखकर अपर जिला अधिकारी गदगद हो गए और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। शिक्षा के प्रति समर्पण भाव देखकर शिक्षक मोहम्मद फरहीम की पीठ थपथपाई एवं सराहना की। एडीएम ने आश्वासन दिया कि विद्यालय की प्रगति के लिए हर स्तर से सहयोग के लिए वह तत्पर हैं बेहिचक उन्हें सूचित करें।



बच्चों के बीच में मौजूद अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा।



क्राप कटिंग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# डीएम ने धान के फसल की क्राप कटिंग का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसील सदर के ग्राम राजगढ़ में पहुँचकर कृषक जगरानी पत्नी स्व0 राम आसरे के खेत की धान फसल का क्राप कटिंग कराकर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मानक चेक किया गया। इस मौके पर तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी, कानून गो कुलदीप सिंह, लेखपाल राजेश कनौजिया, यूनिवर्सल सोंपो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी से जिला समन्वयक मिथिलेश पाण्डेय, नीलेश सिंह व ब्लाक समन्वयक अमित यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# महानाट्य जाणता राजा के उद्धाटन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती, काशी प्रांत द्वारा 21 से 26 नवंबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य जाणता राजा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश की उपस्थिति में सेवा भारती समिति, काशी प्रांत के अध्यक्ष राहुल सिंह, महामंत्री जीयुतराम विश्वकर्मा, मंत्री हरिनारायण विसेन, जाणता राजा महानाट्य आयोजन समिति के सचिव अनिल किंजवाड़ेकर, सतीश जैन, सह सचिव विपिन सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट करके आमंत्रण दिया, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहने की सहर्ष सहमति प्रदान की। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जाणता राजा महानाट्य देखने हेतु 24 नवंबर को काशी चलने की तैयारी क्रम में प्रतापगढ़ में रामपुर खास, बाबागंज, कुंडा, विश्वनाथगंज और रानीगंज क्षेत्र की आयोजन समिति के साथ बैठकर प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने वृहद योजना तैयार करते हुए अलग-अलग बिंदुओं को ध्यान में रखकर व्यवस्थित आयोजन के संदर्भ में व्यापक विचार विमर्श किया। विभिन्न बैठकों में राजकुमारी रत्ना सिंह, हरिओम मिश्र, राजेश सिंह, पवन गौतम, डॉ राकेश सिंह, अशोक मिश्र, भूपेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, शिव शंकर सिंह, नितेश प्रताप सिंह, विनोद शुक्ल, रामजी मिश्रा, शशि भूषण, कुंदन सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, बद्री प्रसाद गुप्त के साथ-साथ सभी खंड और मंडल की आयोजन समिति के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारीगण।

# बैंककर्मी के लापता होने पर हडकंप, गुमशुदगी दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बैंककर्मी के अचानक लापता होने पर हडकंप का माहौल देखा गया। लालगंज कोतवाली के कालाकांकर रोड पर बैंककर्मी किराये के मकान में परिवार सहित रहता था। बीती छब्बीस अक्टूबर को अचानक बाजार में निकला बैंककर्मी लापता हो गया। बिहार प्रदेश के मुन्नाचक केकड़बाग लोहिया नगर थाना पत्रकार नगर पटना निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी ऋतिका रंजन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पति अभिषेक जिले के अन्तू स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में सहायक प्रबंधक पद पर तैनात था। इस बीच करीब तीन माह पूर्व अभिषेक का गुजरात के बड़ौदा बैंक में स्थानान्तरण हो गया। अभिषेक ने वहां अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। ऋतिका रंजन के मुताबिक बीती चैबीस अक्टूबर को पति और वह यहां किराये के घर में रखे सामान लेने आये। पत्नी ने तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अक्टूबर को सुबह आठ बजे पति अभिषेक स्थानीय बाजार जरूरी काम से निकला। इसके बाद अभिषेक घर वापस नही लौटा और उसका मोबाइल फोन भी बंद हैं। तहरीर में पत्नी ने पुलिस से पति के साथ अप्रिय घटना की भी आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात्रि अभिषेक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की है। बैंककर्मी के अचानक लापता होने की घटना से विभिन्न बैंकों में तैनात कर्मचारियों में हडकंप देखा गया।

# दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना जरुरीः एएसपी

## यातायात माह का एएसपी ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** यातायात माह का शुभारंभ आज बुधवार को शहर में राजापाल टंकी चौराहे पर एडिशनल एसपी विद्यासागर मिश्र ने फीता काटकर करते हुए कहा कि आज करवा चैथ का पवित्र दिन है। आज लोगों को चलनी में अपना चेहरा देखने के बजाय हेलमेट पहनकर अपना चेहरा दिखाना चाहिये।

एडिशनल एसपी ने पत्रकारों को भी हेलमेट मुहैया कराते हुए कहा कि अब बिना हेलमेट के कोई भी दोपहिया वाहन चलने नहीं दिया जाएगा क्योंकि हेलमेट पहनने से दुर्घटना में मनुष्य की मौत नहीं होती। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, आशुतोष पाण्डेय के अलावा यातायात से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ करते एएसपी विद्यासागर मिश्र।

# हत्या के मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास

## एक-एक लाख रुपये का अर्थदण्ड भी लगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम नंद प्रताप ओझा ने हत्या के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए अभियुक्तगण कलीम उल्ले कल्ले सुत वकील, अफसर उर्फ लोहा पुत्र रियाज, रईस पुत्र वकील निवासीगण पूरे पाण्डेय कमौरा थाना लालगंज को आजीवन कारावास की सजा तथा एक-एक लाख रुपये जुमार्ने से दण्डित किया।

बता दें कि वादी मुकदमा रोहित कुमार जायसवाल पुत्र सतीश कुमार निवासी तेजगढ़ बाजार लालगंज द्वारा एक प्रार्थना पत्र 18 अप्रैल 2019 को दी गई जिसमें बताया गया कि रात पौने आठ बजे प्रार्थी अपने पिता सतीश जायसवाल के साथ घर के बगल बैठकर सब्जी बेंच रहा था। इतने में मोटरसाइकिल से कलीम और अफसर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ दुकान पर आए और प्रार्थी से एक हजार रुपये गुण्डा टैक्स की मांग की। उन्होंने कहा कि सारे बाजार के लोग देते हैं तो तुम भी दो। गुण्डा टैक्स देने से इंकार करने पर तीन लोग मां-बहन की गालियां देते हुए सरेबाजार में गोली मार दी। गोली प्रार्थी के पिता के सिर में लगने से खून से लथपथ हो गये। घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल लाया गया जहां से स्वरुपरानी रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। राज्य की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता राकेश प्रताप सिंह ने की।

# नेशनल गेम्स में मुरली कुमार का हुआ चयन

## चयन होने पर कालेज का नाम हुआ रोशन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर के बी पी एड सेकेण्डियर का छात्र मुरली कुमार का 37वीं नेशनल गेम्स मे चयन होने की जानकारी मिलते ही शिक्षकों मे खुशी की लहर दौड़ गई।

मुरली कुमार के चयन पर महाविद्यालय की प्रबंधिका एव पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह व राजभवन मैनेजर डा0 घनश्याम यादव कालेज प्राचार्य प्रो डा0 शिवम श्रीवास्तव, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो रामकरन यादव,प्रो भूपेश सिंह, एस पी सिंह, अब्दुल रज्जाक ,अफसार अहमद ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। बता दे कि नेशनल गेम्स मे भाग लेने के लिये बिहार बाक्सिंग टीम जिसमे मुरली कुमार भी है पटना से गोवा के लिए रवाना हो गये हैं।

बिहार बाक्सिंग के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नेशनल गेम्स। मे भाग लेने वाले टीम मैनेजर बबन कुमार झा एव कोच ब्यास चैधरी बनाये गये है बिहार से रेफरी के रूप मे अंजनी एव खिलाडी के रूप में मुरली कुमार शामिल है। नेशनल गेम्स मे मुरली का चयन होने से परिवार वाले काफी गद गद दिखाई दिये और कहा कि मुरली कुमार ने कालेज के साथ जनपद का नाम रोशन किया है।



मुरली कुमार।

## सर्प दंश से किशोरी की मौत, मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के भिटारी परियावां गांव मे बीती रात को अपनी मां के साथ बेड पर सो रही आकांक्षा पुत्री अवधेश कुमार मौर्य (17) वर्षीय की मंगलवार की रात जहरीले सर्प के काटने से उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। बताया जाता है कि आकांक्षा अपनी मां के साथ बेड पर सो रही थी कि रात में जहरीले सर्प ने बेड पर चढ़कर काट लिया जिसे परिजन लोग आनन फानन मे उपचार के लिए परियावां नर्सिंग होम ले गये जंहा चिकित्सक ने जवाब दे दिया जिसे सी एच सी ऊंचाहार ले गये वहाँ भी जवाब दे दिया गया जिसे परिजन लोग झाड़ फूक कराने के लिये फूल बाग ले गये वहाँ भी हालत मे सुधार न होने पर जिला अस्पताल रायबरेली ले गये जंहा चिकित्सको ने लखनऊ के लिये रिफर कर दिया जंहा उपचार के दौरान आकांक्षा की मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया मृतक आकांक्षा दो भाई शशांक व सत्येंद्र बीच अकेली बहन थी।

# डॉ. दयाराम मौर्य रत्न को मिला डॉ. रामकुमार वर्मा स्मृति सम्मान

## प्रेम कुमार व श्रीनाथ मौर्य को मिला साहित्य सारथी सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** के. टी. (कलावती तौलेराम) साहित्यिक विकास समिति बीसलपुर पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान -2023, पुस्तक-पत्रिका लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन में प्रतापगढ़ के प्रख्यात साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न को डॉ. रामकुमार वर्मा स्मृति सम्मान, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम व श्रीनाथ मौर्य सरस द्वय को साहित्य सारथी सम्मान से अलंकृत किया गया।

आयोजक डॉ. थम्मन लाल वर्मा विकल, राष्ट्रीय गीतकार डॉ. शिवशंकर यजुर्वेदी, हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष आचार्य कृष्ण कुमार चंचल ने तीनों को सम्मानित किया और बधाई दी। तीनों का जीवन परिचय भी पढ़ा गया। गौरतलब है कि बीसलपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के खचाखच भरे भव्य सभागार में अपने प्रभावशाली उद्बोधन काव्यपाठ से तीनों साहित्यकारों ने खूब वाहवाही बटोरी। यह भी उल्लेखनीय है कि वहां से प्रकाशित काव्य संकलन गीत हमारे नाम तुम्हारे में जीवन परिचय सहित तीनों की रचनाएं प्रमुखता से प्रकाशित हैं। डॉ. दयाराम मौर्य रत्न इस बहुआयामी समारोह के मुख्य अतिथि भी रहे। तीनों साहित्यकारों की इन अनमोल उपलब्धियों पर स्वागत करते हुए प्रबुद्धजनों एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, शिक्षक राकेश कनौजिया, साहित्यकार राधेश्याम दीवाना, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अनिल कुमार निलय, कानपुर के हरीलाल मिलन, जसरा के लखन प्रतापगढ़ी और प्रयागराज के डॉ. प्रदीप कुमार चित्रांशी ने बधाई दी है।



सम्मान से सम्मानित साहित्यकार व कविगण।

# अमृत कलश लेकर नई दिल्ली गए युवा स्वयंसेवकों का हुआ स्वागत

## स्वागत समारोह में प्रतीक चिन्ह देकर स्वयंसेवकों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेरी माटी मेरा देश अभियान जनपद में वृहद रूप से आयोजित हुआ। जिले की ग्राम पंचायतो में जिला प्रशासन के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र के युवा स्वयंसेवकों द्वारा अमृत कलश यात्राएं आयोजित हुई। अमृत कलश यात्रा जनपद मुख्यालय से लखनऊ होते हुए नई दिल्ली गई जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत कलश यात्रा का स्वागत व सम्मान किया गया। जिले के नेहरू युवा केंद्र व नेहरू युवा केंद्र के 36 युवा स्वयंसेवक की आज जनपद वासी पर प्रसिद्ध समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, पूर्व सहायक सूचना निदेशक आरबी सिंह, नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र आदि ने प्रतीक चिन्ह देकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अमृत कलश यात्रा स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने नेहरू युवा केंद्र के युवा स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा पूरे उत्साह के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान का उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र के नेतृत्व में पूरे जनपद की ग्राम पंचायतो में अमृत कलश यात्रायें आयोजित की गई। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय ने अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में अपने सम्बोधन में कहा कि जिले में अमृत कलश यात्राओं का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन लेखाकार नेहरू युवा केंद्र विनय कुमार मिश्र ने किया। अमृत कलश यात्रा जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह के नेतृत्व में नई दिल्ली गई थी। कलश यात्रा में युवा स्वयंसेवक राकेश कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, आदर्श मिश्रा, जयप्रकाश पांडेय, श्याम नारायण पटेल, अभिषेक पांडे, रंजीत सिंह यादव, आशु गुप्ता, अनामिका, नमन कुमार तिवारी, आयुष मिश्रा, कविता गौतम, रश्मि मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, जूही देवी, गरिमा सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राज यादव, विश्वजीत सिंह, मनीष शर्मा, विख्यात मिश्रा, आशुतोष ओझा, यश खंडेलवाल, अरविंद मौर्या, वीरेंद्र मौर्य, जमीला बानो, जरीना बानो, आदित्य वर्मा, विमल कुमार, अमित मौर्य, शिवसागर, मोहम्मद तनवीर, अमित सरोज आदि रहे।

# ईनामी दंगल में मथुरा के पुष्पेंद्र बने चैंपियन

## बालि वधन मेला का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर नगर पंचायत के ऐतिहासिक बालि वध मेला के समापन पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। दंगल में जहां एक तरफ पहलवानों ने जमकर करतब दिखाएं वही महिला पहलवानों ने भी कुश्ती का मुजायरा पेश किया कई राउंड के उलट फेर के पश्चात अंततः चैंपियन का मुकाबला पुष्पेंद्र कुमार मथुरा और संतोष यादव मेरठ के बीच हुआ। जिसमें पुष्पेंद्र मथुरा ने चैंपियन की बाजी अपने नाम किया। कानपुर से मिथिलेश कुमारी, नगमा हरियाणा और नीलम गोरखपुर के अलावा भारी संख्या में उत्तर प्रदेश के पड़ोसी अलग-अलग राज्यों से आकर पहलवानो ने अपने अपने दांव आजमाए।लगभग दो दर्जन पहलवानों ने अपने अपने करतब दिखाये। रेफरी की भूमिका अजय सोनकर,दीप मोदनवाल,मिठाई लाल गुप्ता ने निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डिंपू जायसवाल ने जीते हुए पहलवानों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। दंगल प्रतियोगिता के समापन के बाद घोड़े के रथ पर सवार होकर भगवान प्रभु श्री राम तथा अनुज भ्राता लक्ष्मण मेले में पहुंचे जहां श्री राम ने अपने धनुष के बाडो की वर्षा करके बालि का वध किया तो पूरा पंडाल भगवान श्री राम के जयकारे से गूंजयामान हो उठा

# नवसृजित साइबर क्राइम थाना का उद्घाटन व यातायात माह नवम्बर 2023 का एडीजी ने किया शुभारंभ

## पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूकता से संबंधी फ्लेक्सी लेकर खण्ड हिन्द फौज बैण्ड के साथ थाना मंझनपुर से कस्बा मंझनपुर से होते हुए डायट मैदान में रैली का समापन किया गया





**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज का जनपद आगमन पर मंझनपुर थाना परिसर में गार्द की सलामी दी गयी तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज एंव पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज व जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर परिसर स्थित नवसृजित साइबर क्राइम थाना कौशाम्बी का अपने कर कमलों द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया तथा साइबर थाने के सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण व परिसर का भ्रमण किया गया साथ ही साइबर अपराध से सम्बन्धित अपराधों के बारे में बताया व जागरूक किया गया और गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही साइबर हेल्प लाईन नंबर 1930 व ६६६.८्री१ड्ढ्रीं.ड्ढ्न५.ल्ल के बारे में जानकारी दी गई, जिस पर तत्काल कॉल व वेबसाइट में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिससे आम जनमानस साइबर फ्रॉड से बच सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। तत्पश्चात भानु भास्कर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व जन मानस में जागरूकता फैलाने हेतु यातायात माह नवम्बर 2023 का शुभारंभ ?यातायात जागरुकता पैदल रैली को हरी झण्डी दिखाकर कस्बा मंझनपुर के लिए रवाना कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज सुजीत कुमार जिलाधिकारी कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व समर बहादुर अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी उपस्थित रहें। रैली में दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा व महामाया डिग्री कॉलेज मंझनपुर के छात्र/छात्राओं एवं आखण्ड हिन्द फौज के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली मे प्रतिभागी समस्त छात्रों एवम स्थानीय पुलिस/यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूकता से संबंधी फ्लेक्सी लेकर खण्ड हिन्द फौज बैण्ड के साथ थाना मंझनपुर से कस्बा मंझनपुर से होते हुए डायट मैदान में रैली का समापन किया गया। यातायात जागरुकता के क्रम में थाना मंझनपुर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं, गणमान्य व्यक्तियों एवं सम्मानित पत्रकार बन्धुओं को सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुए सावधानी पूर्वक रोड पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की गयी। इस दौरान पुलिस, एआरटीओ, नगर पालिका, पुलिस पेंसनर, भूतपूर्व सैनिक व अन्य सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं, गणमान्य व्यक्तियों एवं सम्मानित पत्रकार बन्धुओं को यातायात नियमों से सम्बंधित जानकारियाँ दी गयी बताया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासन के निदेर्शानुसार नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा हैं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुए सावधानी पूर्वक रोड पर चलने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया एवं रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की गयी। तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज द्वारा थाना मझनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना मंझनपुर के डिजिटल वाल / सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम को चेक किया गया व महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गयी साथ ही थाना मंझनपुर में रखे अभिलेखों को चेक किया गया। तत्पश्चात जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों से आये ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी की गयी। द्वारा ग्राम प्रहरियों को बताया गया कि उनके क्षेत्र में घटित होने वाली अपराधिक गतिविधियो, भूमि विवाद, पूर्व की रंजिश व आगामी त्यौहार से सम्बन्धित कोई सूचना या अन्य किसी भी प्रकार की घटना संबंधित सूचना से तत्काल प्रभारी निरीक्षक/चौकी प्रभारी/बीट पुलिस अधिकारी को अवगत कराए। जिससे पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त का विधिक निस्तारण किया जा सके। कई बार ऐसा देखा गया है कि छोटी घटनाओं की समय से सूचना हो जाने के कारण व उसके निस्तारण से बड़ी घटनायें होने से रोका जा सकता है। इसके साथ ही शासन द्वारा ग्राम प्रहरी को उपलब्ध करायी गई सुविधाओं के संबध में भी जानकारी दी गयी एव बेहतर कार्य करने वाले 05 ग्राम प्रहरियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व अन्य ग्राम प्रहरियों को प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम ग्राम प्रहरियों की व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं के विषय में भी जानकारी प्राप्त करके उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा समस्त कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया गया।

## तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शिव कुमार पुत्र हिरालाल निवासी गुवारा तैय्यबपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त प्रेम चन्द्र निषाद पुत्र स्व0 घनपत निवासी गढ़वा मजरा कोसम इनाम थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र रामदीन निवासी मीरापुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# फांसी के फंदे पर झूलती मिली महिला की लाश हत्या या आत्महत्या जांच का विषय

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के निमतापुर गांव में घर के अंदर एक विवाहिता की लाश छत के चुल्ले से झूलती हुई मिली है। घरवालों को जानकारी होने पर परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। विवाहिता के समक्ष ऐसी कौन सी समस्या आकर खड़ी हो गई जिसके कारण उसने आत्महत्या का रास्ता अपनाया या फिर उसको मार कर आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे पर टांग दिया गया है यह सभी रहस्य अभी भी बरकरार है फिलहाल परिजन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। निमतापुर गांव के गुलजारी लाल यादव मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन - पोषण करता है। लगभग तीन साल पूर्व उसकी शादी नीतू यादव उम्र 26 वर्ष के साथ हुई थी। बुधवार को गुलजारी लाल यादव गांव में मजदूरी करने गया था। कुछ देर बाद परिजन आए तो नीतू की लाश फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखकर होश उड़ गए और चीखने - चिल्लाने लगे हालांकि प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जिस कमरे में महिला की लाश लटक रही थी उस घर का आधा दरवाजा खुला हुआ था जिससे महिला की मौत संदिग्ध बताई जा रही है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार का कहना है कि परिजन मौत का कारण स्पष्ट नहीं कर रहे हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कारवाई की जाएगी।

# तीन हजार से अधिक आबादी वाले गांव का मुख्य मार्ग दुर्दशा का शिकार



**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड के हिसामपुर गांव को जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से दुर्दशा का शिकार हो गया है। इस गांव में तीन हजार से अधिक लोग निवास करते हैं लेकिन मुख्य मार्ग बाधित होने के कारण दूसरी गली से घूमकर आवागमन होता है। हिसामपुर गांव के मुख्य मार्ग को देखकर लोग यह नही बता सकते हैं कि गांव को जाने वाले मुख्य मार्ग पर कभी सड़क रही होगी उक्त मार्ग से लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद है आवागमन बाधित होने के कारण गांव के अंदर ना एंबुलेंस पहुंच पाती है और ना ही स्कूली गाड़ी भारी अव्यवस्था के बावजूद जिम्मेदार लोगों की नजर दुर्दशा का शिकार सड़क पर नही पड़ी। हिसामपुर गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है और गांव का गंदा पानी भरा रहता है कुछ लोग गलती से भी इस मार्ग से गुजरने की कोशिश करते हैं तो गिरकर चोटहिल हो जाते हैं। कई दफा ग्रामीणों ने इस मार्ग को लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव हिसामपुर गांव को जाने वाले मुख्य मार्ग का मरम्मतीकरण नहीं कराया। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 13 वर्षों से इस गांव के लोग मुख्य मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव इस तरफ ध्यान बिल्कुल नही दे रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग ठीक ना होने के कारण पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा फूटने ही वाला है।

## न्यूज झरोखा

### जुआ खेल रहे 5 अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने भेजा न्यायालय



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा कांशीराम कालोनी अवैध कार्यों के लिए बदनाम है आज बुधवार मुखबिर की सूचना पर कांसीराम कालोनी में हार जीत के बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 5 अभियुक्तों बबलू उर्फ दीपक रैदास पुत्र छोटा,अर्जुन पुत्र जसवंत लोधी,राजेश सोनकर पुत्र रामस्वरूप, विकास कुमार पुत्र रमेश निवासी अझुवा थाना सैनी,रोशनलाल पुत्र मिठाई लाल निवासी निदुरा थाना सैनी को अझुवा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार अभियुक्तों के पास से ताश की गड्डी एवम 1280 रुपए नकद बरामद हुए हैं पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत न्यायालय को सुपुर्द किया है।

### चरवा थाना प्रभारी ने जन सुनवाई में फरियादियों की सुनी समस्याएं



**कौशाम्बी** चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह द्वारा जन सुनवाई के माध्यम से थाना क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण हेतु कानूनी कार्यवाही करते हुए। लोगो को कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। जन सुनवाई के दौरान 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से तीन का मौके पर ही निवारण कर दिया गया और शेष दो शिकायतो की चरवा थाना पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि थाने में हर रोज 9 बजे से लोगो की समस्या जन सुनवाई के माध्यम से की जाती है ताकि थाना क्षेत्र में कानून और शान्ति व्यवस्था बनी रहें।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दो अभियुक्तों पवन कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी समदापर मजरा साखा थाना सैनी व रोहित कुमार पुत्र राजू निवासी समसाबाद थाना मंझनपुर को कुरामुरीदन पावर हाउस तिराहा के पास से चोरी की दो अदद मोटरसाइकिल एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक अदद चापड़ के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### निरोधात्मक कार्यवाही में छः अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना कौशाम्बी से एक थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से एक कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त महाबीर प्रसाद पुत्र स्व0 जगन्नाथ निवासी भगवतपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को कसेन्दा बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 116 वाहनों का ई–चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया

### डीएम एसपी ने हेलीपैड का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के जनपद कौशाम्बी आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना संदीपनघाट अंतर्गत कार्यक्रम स्थल व हेलीपेड का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व राजस्व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आपसी मारपीट मे एक घायल, गंभीर स्थिति मे 108 से जिला अस्पताल रिफर

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना अंतर्गत बरई बारी गांव के रहने वाले संतलाल 40 वर्ष पुत्र सुन्दर दास की किसी बात को लेकर आपस मे ही कहासुनी हो गयी। बाद मे बहस इस कदर बढ़ गयी कि दूसरे पक्ष के लोगों ने संतलाल को निहत्था पाकर उनके ऊपर लाठी डंडे से कई वार कर दिए जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी को सराय अकिल थाने लेकर आयी। घायल संतलाल को पुलिस ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल भेजा और दूसरे पक्ष के ऊपर कार्यवाही हेतु लग गए। बाद मे घायल संतलाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर रिफर कर दिया।

# शिक्षा निदेशक लखनऊ ने लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कारवाई का दिया आदेश, हड़कप

**अखंड भारत संदेश**

**31 अक्टूबर को भेजे पत्र में शिक्षा निदेशक ने लापरवाह अध्यापकों पर तत्काल कार्यवाही कर मांगी आख्या**

**कौशांबी।** अधिकारी किस तरह बेलगाम होते जा रहे हैं इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की विकास खंड चायल के चचौली की सविलयन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के साथ वहां के अध्यापकों ने जातिसूचक शब्दों के साथ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया था इतना ही नहीं मनबढ़ अध्यापकों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी जिसकी शिकायत प्रधान अध्यापिका ने जनपद के अधिकारियों से लेकर शिक्षा निदेशालय तक की थी। शिक्षा निदेशालय के बार बार आदेश का अनुपालन करने के बजाय जनपद के अधिकारियों की शिथिलता ने सिद्ध कर दिया की राज किसी का भी हो लेकिन कानून उनकी मर्जी का चलेगा। नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं का नैतिक पतन इस कदर हो गया है कि अब उसकी चर्चा गली कूचे में होने लगी है शिक्षिकाएं खुद नैतिकता का पालन नहीं कर रही है तो कैसे स्कूल में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को वह नैतिकता का पालन करना सिखाएंगी इतना ही नहीं शिक्षिकाओं के साथ–साथ अब खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी भी नैतिकता का पालन करना भूल गए हैं परिषदीय विद्यालयों में नियमों के विपरीत कार्य करने वाली शिक्षिकाओं के बचाव में आखिर खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी क्यों जोर आजमाइश करने में लगे हैं जबकि दोषी शिक्षिकाओं पर कार्यवाही करने का निर्देश 18 अक्टूबर को शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ ने पत्र संख्या 727 के जरिए बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी को भेज कर दिया है शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ ने भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह के अंदर दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध करते हुए आख्या से अवगत कराए लेकिन शिक्षा निदेशक के आदेश का अनुपालन न होने पर शिक्षा निदेशालय ने दोबारा 31 अक्टूबर को लेटर जारी कर बीएसए से कारवाई कर आख्या मांगी है। शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश पर अभी तक ना तो कार्यवाही हुई है और ना ही दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध किया गया है शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश के बाद केवल उनके आदेश को खंड शिक्षा अधिकारी के पास फॉरवर्ड करके बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी को भूल गए हैं आखिर शिक्षा विभाग में नैतिकता का पाठ पढ़ने वाली शिक्षिकाओं को नैतिकता का पाठ अब बेसिक शिक्षा अधिकारी नहीं पढ़ाएंगे तो फिर इन शिक्षिकाओं को नैतिकता का पाठ कौन पढ़ाएगा। गौरतलब है कि गांधी जयंती और उसके एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर को विद्यालय को खुला रखने और स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया था लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद नेवादा विकासखंड के चलौली विद्यालय में शिक्षिकाएं स्मिता वर्मा और श्वेता श्रीवास्तव नहीं पहुँची जिस पर मामले की शिकायत प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला अधिकारी से लेकर के मामले की शिकायत शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ से 4 अक्टूबर और 17 अक्टूबर को किया प्रधानाध्यापिका के शिकायत को शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ में गंभीरता से लिया और 18 अक्टूबर को पत्र संख्या 727 के जरिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए लिखा कि दोषी शिक्षिकाओं का वेतन अवरुद्ध करते हुए एक सप्ताह के अंदर शिक्षा निदेशक को आख्या उपलब्ध कराए लेकिन शिक्षा निदेशक का यह पत्र बेसिक शिक्षा विभाग में हवा हवाई साबित हुआ जिसके बाद दोबारा शिक्षा निदेशालय ने 31 अक्टूबर को बीएसए को लेटर जारी कर कारवाई करने का निर्देश कर आख्या मांगी है। विभागीय अधिकारियों का बल पाने के बाद दोषी शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापिका के साथ गाली–गलौज किया उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया गांधी जयंती पर अनुपस्थित रहने की शिकायत के बाद भी प्रधानाध्यापिका के साथ शिक्षिकाओं ने गाली गलौज और अभद्रता की थी जिससे प्रधानाध्यापिका भयभीत है मामले की शिकायत प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह ने 12 अक्टूबर को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज को पत्र भेजकर की है हालांकि यह मामला अभी भी पुलिस की फाइल में जांच के नाम पर लंबित है अभी तक इस मामले में भी दोषी शिक्षिकाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोषी शिक्षिकाओं पर कार्यवाही नहीं की गई है।

# बम्हरौली के आकाश पहलवान ने दिल्ली के लोकेश को चित कर जीती चैंपियनशिप

**अखंड भारत संदेश**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के बम्हरौली में आयोजित दो दिवसीय दंगल बुधवार को इक्कीस हजार की चैंपियनशिप कुश्ती बम्हरौली के आकाश पहलवान के जीतने के साथ संपन्न हुआ। दंगल का आयोजन ग्राम नियामत उल्ला के द्वारा किया गया। बुधवार की हुई कुश्तियों में अयोध्या से आए पहलवान सुंदरदास ने राजस्थान के भानूसिंह को हराया। जालौन के अमरनाथ ने कन्नौज के संजय पहलवान को जबरजस्त पटखनी दी। अयोध्या के राम दास ने दूसरी कुश्ती में राजस्थान के अतुल को भी शिकस्त देकर कुश्ती जीत ली। 21 हजार की हुई दंगल चैंपियनशिप कुश्ती में बम्हरौली के आकाश पहलवान और दिल्ली के लोकेश पहलवान के बीच हुई। दोनों पहलवानों ने अपना पूरा दमखम लगाते हुए जोरदार दांव पेंच और कलाबाजियां दिखाई। चैंपियन कुश्ती में पहलवानों के दांवपेंच देख दर्शक भी लगातार तालियों की गड़गड़ाहट कर पहलवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे। अंतिम क्षणों में आकाश पहलवान ने लोकेश पहलवान को चित्त करते हुए चैंपियन शिप जीत लिया। अंडर 16 साल के बीच हुई दंगल ट्राफी प्रतियोगिता में झंडापुर के मुदस्सिर पहलवान ने झंडापुर के एहेशाम पहलवान को हराते हुए ट्राफी अपने नाम किया। दोनो दंगल विजेताओं को ग्राम प्रधान नियामत उल्ला ने ट्राफी देते हुए पुरस्कृत किया। उधर मेले में भी दूसरे दिन लोगों की काफी गहमागहमी रही और जरूरत के सामान के साथ मिठाइयां और जलेबी की खूब बिक्री हुई।

# भरवारी की रामलीला में रावण जन्म की लीला के साथ प्रभु राम अवतार की भविष्यवाणी से हलचल

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे के पुरानी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला सोमवार से आरम्भ हो गयी है। कस्बे में रामलीला के दूसरे दिन ग्रेजुएट रामलीला मंडली गढ़वा कौशाम्बी द्वारा प्रभु राम के जन्म की भविष्यवाणी से जहां लोगों मे हलचल रही ,वहीं दूसरे ही दिन रावण जन्म की लीला का भी मंचन हुआ। रावण ने जन्म के बाद तपस्या कर ब्रह्मा जी से वर मांगा कि वानर और मनुष्य को छोड़ मेरी मौत किसी के हाथ न हो। इसी वरदान के चलते उसने स्वर्ग के देवताओ पर अत्याचार शुरू कर दिया।दूसरी तरफ कुम्भकरण छह माह सोने तथा एक दिन जागने का वरदान मांगता है, जबकि विभीषण भगवान के चरणों मे अनुराग का वर मांगता है। ब्रह्मा जी ने लंकिनी को चेताया कि राक्षसों का यह राजा बहुत दिनों तक साम्राज्य फैलाएगा लेकिन जिस दिन कोई वानर आकर घुसेगा और राक्षसों को मारेगा समझ लेना कि राक्षसों के संहार के दिन शुरू हो गये।पृथ्वी पर रावण के अत्याचार बढ़ते ही जा रहे थे। रावण डुगडुगी बजाकर देवताओ पर हमला बोल देता है। इसके साथ ही रावण पुराण वांचने पर देवताओ को आग के हवाले करने की धमकी भी देता है। रावण के अत्याचारों से आजिज आकर देवता बैकुंठवास कर रहे भगवान विष्णु के पास जाकर प्राण रक्षा की गुहार लगाते है। इस बीच भविष्यवाणी होती है कि तुम लोग डरो मत। हम तुम्हारे लिए मनुष्य का तन धारण कर करेंगे। अपने अंश समेत सूर्य वंश में अवतार लेकर पापी से मुक्ति दिलाएंगे।?रामलीला का सजीव मंचन देख लोग भाव विभोर हो गये। रामलीला के मंचन के दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जीतू केसरवानी, संतोष सोनी, महामंत्री उपान्शू केसरवानी व अमित कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सुधीर केसरवानी, पंकज केसरवानी, सभासद शंकर लाल केसरवानी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# विपक्षी नेताओं की फोन टैपिंग

**महुआ** मोइत्रा समेत कई बड़े नेताओं के फोन सरकार द्वारा टैप करने का विवाद एक बार फिर खड़ा हो गया है। मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने यह बात सामने लाई है। दरअसल प्रसिद्ध फोन निमार्ता कम्पनी 'एप्पल' का इस्तेमाल करने वाले कई ऐसे विपक्षी नेताओं को कम्पनी की ओर से ईमेल मिला है कि जिसमें चेतावनी दी गई है कि उनके फोन राज्य समर्थित हमलावर (स्टेट स्पॉसर्ड अटैकर्स) द्वारा टैप हो रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने इसकी पुष्टि भी की है। राहुल ने इस बारे में कहा है कि 'उन्हें इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और सरकार चाहे तो बेशक उनका फोन लेकर जा सकती है', परन्तु यह न केवल निजता का हनन है बल्कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने की भी कोशिश है जिसका विरोध किया जाना चाहिये। मंगलवार को कई विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें अपने आईफोन पर एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया है कि 'राज्य प्रायोजित हमलावर उनके फोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं।' हालांकि इसकी प्रतिक्रिया में एप्पल ने कहा है कि वह खतरे से आगाह कर रही है परन्तु इसके लिये किसी भी राज्य-प्रायोजित हमलावर विशेष को जिम्मेदार नहीं ठहरा रही है। अलबत्ता उसका कहना है कि 'ऐसे हैकर्स वित्तीय रूप से बहुत अच्छे से पोषित और परिष्कृत हैं'। कम्पनी के अनुसार 'ऐसे हमलों का पता लगाना कुछ गुप्त संकेतों पर निर्भर करता है जो ज्यादातर आधे-अधूरे होते हैं। बयान में यह भी साफ किया गया है कि संभव है कि कुछ सूचनाएं गलत चेतावनी हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता न चल पाए।' कंपनी ने यह भी कहा है कि 'वह इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ है कि किस कारण से उसे एलर्ट जारी करना पड़ा है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावर भविष्य में और सावधान होकर काम करेंगे।' इस जानकारी के सार्वजनिक होने से हड़कम्प मच गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उनका डिवाइस हैक हो रहा है या उसकी निगरानी हो रही है। ऐसे ही, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी को भी सोमवार की रात एप्पल से एक ई-मेल मिला। उसमें भी सावधान किया गया है कि 'उनके फोन की 'राज्य-प्रायोजित निगरानी' की जा रही है और उनका फोन और सभी सिस्टम हैक हो रहे हैं।' वैसे कम्पनी द्वारा इस हैकिंग से निपटना मुश्किल बताया गया है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की प्रियंका चतुवेर्दी, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी आदि ने भी ऐसी ही चेतावनी मिलने की पुष्टि की है। कुछ लोगों ने स्क्रीनशॉट भी शेयर किये हैं जिसके बाद शक की गुंजाईश नहीं रह जाती है कि यह काम केन्द्र सरकार की ओर से ही हो रहा है। अब तक सरकार की ओर से कोई बयान न आना भी उसे शक के घेरे में डालता है। आखिरकार भारत के प्रतिपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग में और किस देश की सरकार की रुचि हो सकती है?

राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ बोलने के कारण ही उनके फोन को टैप किया जा रहा है। उनकी बात में इसलिये दम दिखता है क्योंकि जितने लोगों को भी निमार्ता कम्पनी द्वारा फोन टैपिंग की चेतावनी वाले ईमेल मिले हैं वे न केवल विपक्ष के हैं वरन बेहद मुखर भी हैं और अदानी के विरूद्ध आवाज भी उठाते रहे हैं। उनके द्वारा मोदी सरकार की आलोचना के अंतर्गत अदानी प्रमुख विषय होते ही हैं। अपने फोन की टैपिंग के एलर्ट का संदेश देने वाले ईमेल की प्रति दिखाते हुए राहुल ने यह भी कहा कि देश में मोदी के भी ऊपर अदानी हैं। हालांकि उन्होंने एक बार फिर से इस बात की घोषणा कर दी कि चाहे जो हो जाये, वे अदानी-मोदी के कथित घोटालों को उठाते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले भी भारत सरकार पर यह आरोप लग चुका है कि उसने इजरायल से पैगासस नामक जासूसी उपकरण खरीदा है जिसके जरिये देश के अनेक लोगों के फोन टैप कराये जा रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के नाम सामने आये थे उनमें सिर्फ विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि नितिन गडकरी जैसे कुछ उनके अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी भी थे। उनमें कुछ पत्रकार और यहां तक कि भूतपूर्व न्यायाधीश के नाम भी सामने आये थे। हालांकि उस समय भी सरकार ने इस बात से इंकार किया था कि वह किसी के फोन टैप करा रही है लेकिन उसका खुलासा जिस प्रामाणिक ढंग से हुआ था, उससे शक की कोई गुंजाईश नहीं रह जाती थी। सम्भवतया मामला उठने के बाद उतने ही गुपचुप तरीके से उसका इस्तेमाल रोक भी दिया गया होगा। हालांकि कोई इस बात को दावे के साथ नहीं कह सकता कि वह जासूसी रोक दी गई होगी। जो भी हो, यह एक गम्भीर मसला है और सरकार को चाहिये कि इस इस बात की गहराई से और पारदर्शितापूर्वक जांच कर इसकी रिपोर्ट जनता के सामने लाए। हालांकि इसकी मोदी सरकार से इसकी उम्मीद करना बेकार है। सम्भव है कि सरकार इस पर मौन धारण कर ले और आतंक फैलाने हेतु यह भ्रम बनाकर रखे कि विपक्षियों के फोन टैप हो रहे हैं।

# बढ़ते ही जा रहे है सड़क हादसे

अशोक भाटिया



**महाराष्ट्र के** छत्रपति संभाजी नगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मिनी बस एक कंटेनर से टकरा गई, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।पुलिस ने बताया, प्राइवेट बस में 35 यात्री सवार थे। यह दुर्घटना मुंबई से लगभग 350 किलोमीटर दूर स्थित एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में रात 12.30 बजे हुई।बस ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिसके चलते बस पीछे की ओर से कंटेनर से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए 12 लोगों में से पांच पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़की शामिल है।

समृद्धि एक्सप्रेसवे पर यह पिछले तीन महीनों में दूसरा बड़ा रोड एक्सीडेंट है। इसी साल जुलाई में नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई थी जिससे उसमें आग लग गई। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल थे।बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने बताया था, टायर फटने के बाद हादसा हुआ था और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई।

महाराष्ट्र के ही धुले में 4 जुलाई को मुंबई-आगरा हाईवे पर ब्रेक फेल होने की वजह से एक कंटेनर होटल में जा घुसा था। हादसे में 38 लोग कंटेनर की चपेट में आ गए थे। इनमें 10 की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 28 लोग घायल थे। दुर्घटना शिरपुर तालुका के पलासनेर गांव में दोपहर करीब 12 बजे हुई। घटना का एक उउळश फुटेज भी सामने आया था, जिसमें देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कंटेनर अपने आगे चल रही एक कार को रौंदता हुआ सड़क किनारे एक होटल में जा घुसता है।

बीतें दिनों बेंगलुरू-पुणे हाईवे पर पुणे के नवले ब्रिज पर एक बड़ा सड़क हादसा घटित हो गया। इस हादसे का कारण ऑयल टैंकर का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। इस अनियंत्रित ट्रक के चलते सड़क पर 48 गाड़ियाँ भी आपस में टकरा गयी। इनमें से 22 कारें सहित एक ऑटोरिक्शा भी शामिल था। हालाँकि, हादसे में कोई जनहानि की खबर प्राप्त नहीं हुई है। कुछ महीनें पहले, नामी व्यवसायी सायरस मिस्त्री का भी एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वे अहमदाबाद से मुंबई लौट रहे थे और मुंबई से 100 किमी पहले उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई थी। आइये आकंड़ों के माध्यम से समझने की कोशिश करते हैं कि भारत में सड़क हादसों की स्थिति कितनी गंभीर है। हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। इनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई। जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। मंत्रालय की तरफ से भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार, हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। इनमें सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे।इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे।

रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। इसमें कहा गया, आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18-60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी। भले ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है पर यह आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं लेता है ।

बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश में में सबसे ज्यादा लोगों ने जान गंवाई है . रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई।वहीं राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही।

ये हालत देखते हुए सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार को एक नीति बनानी होगी। जागरूकता अभियान चलाने होगें। सरकार को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए। आज करोड़ों के हिसाब से वाहन पंजीकृत हैं, मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है। क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।

पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रही है, मगर चालान इसका हल नहीं है। इसका स्थाई समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनों को काफी तेज रफ्तार में चलाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैंस रद्द करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकते हैं। आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है, नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं। भले ही पुलिस यंत्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं।

ѳ

# भारतीयता के उन्नायक आचार्य नरेंद्र देव

अरविंद जयतिलक

भारत राष्ट्र का सौभाग्य है कि उसके नागरिक स्वतंत्र है और देश स्वयं अपने भाग्य का विधाता है। लेकिन यह स्थिति हमें अचानक प्राप्त नहीं हुई। इसके लिए अनेक महापुरुषों को दीर्घकाल तक आजादी की अलख जगाकर अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। सन 1857 की क्रांति से लेकर 15 अगस्त, 1947 को स्वराज्य की उपलब्धि तक का इतिहास त्याग और बलिदान का रहा है। भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने के लिए क्रांतिवीरों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। इन विभुतियों ने देश की आत्मा को चैतन्यता से भर दिया और ऐसी लोकशक्ति का उदय किया कि देश के कोटि-कोटि नर-नारियों ने अपने प्राणों की बाजी लगा कर बरतानिया सत्ता को भारतीय भूमि से उखाड़ फेंका। इन्हीं महान व्यक्तित्वों में शुमार विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी आचार्य नरेंद्र देव जी भी थे, जिन्होंने अपनी अटूट देशभक्ति से देश व समाज की सेवा की। आचार्य जी एक महान देशभक्त के अलावा उच्च कोटि के निष्ठावान शिक्षक के साथ-साथ समाज के अंतिम पांत के अंतिम व्यक्ति की आवाज भी थे। 1899 में जब आचार्य जी 10 वर्ष के थे अपने पिता के साथ लखनऊ के कांग्रेस अधिवेशन में आए और लोकमान्य तिलक, रमेशचंद्र दत्त तथा जस्टिस रानाडे के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। वे कम उम्र में ही गरम दल के प्रमुख समाचार पत्र विशेष रुप से वंदेमात्रम और आर्य पढ़ने लगे और शीघ्र ही उनमें राष्ट्रवाद की भावना कुलांचे मारने लगी। वीर सावरकर की पुस्तक वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस और लाला हरदयाल की पुस्तक इंडियन सोशियोलॉजिस्ट से वे विशेष रुप से प्रभावित हुए। वह गरम दल का संगठन खड़ा करने के लिए इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन माता की जिद् के कारण नहीं जा सके। ग्रेजुएशन के उपरांत वे सोचने को विवश हुए कि अब क्या करें? फिर उन्होंने मन ही मन राष्ट्रसेवा का व्रत ठान लिया। चूंकि उनकी कर्मभूमि फैजाबाद थी लिहाजा वे यहां अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए वकालत के साथ-साथ राजनीतिक क्रियाकलापों में भाग लेने लगे। असहयोग आंदोलन शुरू होने के साथ ही पंडित नेहरु और शिवप्रसाद गुप्त के आमंत्रण पर काशी विद्यापीठ आ गए। उन्होंने डा0 भगवान दास जी की अध्यक्षता में काम करना शुरू किया और 1926 में अध्यक्ष बने। विद्यापीठ के अध्यापकों और विद्यार्थियों से आचार्य जी का बड़ा लगाव रहा और यहां के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रयाग में रहते हुए उनके विचार और भी अधिक पुष्ट हुए। उन दिनों हिंदू बोर्डिंग हाउस उग्र विचारों का केंद्र था और वे वहां गरम दल के विचारों के हो गए। सच कहें तो आचार्य ने 1906 में जो उग्र विचारधारा अपनायी, जीवन के अंत तक उस पर दृढ़ रहे। 1916 में जब कांग्रेस के दोनों धड़ों में मेल हुआ तो वे कांग्रेस में आ गए। आचार्य जी 1916 से लेकर 1948 आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य और जवाहर लाल नेहरु की वर्किंग कमेटी के सदस्य थे। खराब स्वास्थ्य के बावजूद भी आचार्य ने 1930 के नमक सत्याग्रह, 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1941 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में साहस से भाग लिया। यही नहीं 8 अगस्त, 1942 को जब गांधी जी ने अंग्रेजों भारत का नारा दिया तो वे मुंबई में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों के साथ गिरफ्तार हो गए। वे 1942-45 तक पंडित नेहरु के साथ अहमद नगर के किले में बंद रहे। आचार्य कभी भी क्रांतिकारी दल के सदस्य नहीं रहे। लेकिन उनका उग्र विचारधारा से जुड़े क्रांतिकारियों से घनिष्ठ संबंध था। वे समय-समय पर उनकी सहायता भी करते थे। आचार्य जी समाज के कमजोर वर्ग के आर्थिक व सामाजिक जीवन में व्यापक परिवर्तन के भी हिमायती थे। उन्होंने अपने संघर्ष की उर्जा को समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में प्रवाहित किया। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट था कि जब तक देश के कमजोर वर्ग विशेषकर किसान व मजदूर आर्थिक रुप से सबल नहीं होंगे तब तक देश का उत्थान संभव नहीं है। 22 नवंबर, 1936 को बरेली के प्रादेशिक राजनीतिक सम्मेलन में उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा भी कि किसानों और मजदूरों का एक स्वतंत्र संगठन बनाना आवश्यक है। उन्होंने 4 अप्रैल, 1939 को गया में अखिल भारतीय किसान सभा के अधिवेशन में भी किसानों के सवाल को प्रमुखता से उठाया और कहा कि किसानों की वर्ग चेतना पूरी तरह स्वतंत्र नहीं है और अब उन्हें संगठित कर उनके मांगों के समर्थन के लिए ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने 13 जून, 1935 को भी गुजरात प्रदेश कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सम्मेलन में मजदूरों और किसानों को संगठित करने पर बल दिया। आचार्य नरेंद्र देव श्रमिकों की भांति किसानों को भी वर्ग संघर्ष और परिवर्तन का उपकरण मानते थे। जब 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किसानों की दुर्दशा एवं उनके शोषण का अध्ययन करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया तो आचार्य नरेंद्र देव और डा0 संपूणानंद को उसका सदस्य बनाया गया। आर्चाय ने अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हुए जमींदारी उन्मूलन के लिए किसानों में चेतना उत्पन की और समाजवादी समाज की स्थापना के लिए संघर्ष का एलान किया। समाजवाद के संदर्भ में आचार्य के विचार बड़े स्पष्ट थे। वे समाजवाद को राजनीतिक से ज्यादा सांस्कृतिक आंदोलन मानते थे। उनका कहना था कि बिना राजनीतिक संस्कृति के राजनीतिक कार्यकताओं में न अनुशासन आ सकता है, न वे सिद्धांतनिष्ठ बन सकते हैं और न ही उनकी दृष्टि में व्यापकता आ सकती है। समाजवाद के पितामह आचार्य नरेंद्र देव ने 1934 में जयप्रकाश नारायण, डा0 राममनोहर लोहिया एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की। कांग्रेस से बाहर आने पर 1948 में सोशलिस्ट पार्टी का जो सम्मेलन पटना में हुआ उसकी अध्यक्षता की। सच कहें तो समाजवादी आंदोलन में आचार्य नरेंद्र देव का वही स्थान है जो परिवार में पिता का या शरीर में आत्मा का होता है। आचार्य मार्क्सवादी समाजवदी थे, किंतु वे समाजवाद की प्रांसगिकता को राष्ट्रीय परिस्थितियों और आकांक्षाओं के संदर्भ में देखते थे। बौद्ध दर्शन के अध्ययन में आचार्य की विशेष रुचि थी। आजीवन वे बौद्ध दर्शन का अध्ययन करते रहे। अपने जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने बौद्ध-धर्म-दर्शन पूरा किया। उन्होंने अभिधर्मकोष प्रकाशित कराया और अभिधम्मत्थसंहहो का हिंदी अनुवाद किया। आचार्य ने विद्यापीठ त्रैमासिक पत्रिका, समाज त्रैमासिक, जनवाणी मासिक, के अलावा संघर्ष और किया। सच कहें तो आचार्य जी एक ऐसे राजनीतिक विचारक, लेखक, चिंतक, शिक्षाशास्त्री व पत्रकार थे जिनके चिंतन, मनन और आचरण-व्यवहार में समाज व राष्ट्र के प्रति स्पष्ट मूल्यबोध और प्रतिबद्धता झलकती थी। राजनीतिक चेतना और विद्वता का उनमें अद्भुत सामंजस्य था। वे संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, बांग्ला, पाली, फ्रेंच और प्राकृत भाषाएं अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने मेरे संस्मरण शीर्षक रेडियो वार्ता में कहा है कि मेरे जीवन में सदा दो प्रवृत्तियां रही हैं-एक पढ़ने-लिखने की और दूसरा राजनीति की, इन दोनों में संघर्ष रहता है। यदि दोनों की सुविधा एक साथ मिल जाए तो बड़ा परितोष रहता है और यह सुविधा मुझे विद्यापीठ में मिली। इसी कारण वह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है जो विद्यापीठ की सेवा में व्यतीत हुआ। शिक्षा और भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में आचार्य जी ने जो मानदंड गढ़े हैं वह भारत के लिए अमूल्य देन है। उन्होंने अपने साहित्य के द्वारा भारतीय संस्कृति के संदेश को दुनिया भर में प्रसारित किया। भारत में समाजवाद को राष्ट्रीयता और किसानों के सवाल से जोड़ना आचार्य नरेंद्र देव की भारतीय समाजवाद को एक महान देन है। स्वधर्म व देश के लिए आचार्य जी ने देशवासियों में जो प्रेम व स्वाभिमान उत्पन किया और सेवा के लिए जो भावना पैदा की उसका इतिहास में अविस्मरणीय स्थान है। देश के मौजूदा सियासतदानों को भी आचार्य नरेंद्र देव के राष्ट्रवादी विचारों से सबक लेते हुए राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर होना चाहिए।

# ममता और मोदी की सोच ? सिंगूर से साणंद तक दिखती है !!

के. विक्रम राव

**अंततः सिंगूर** के जनांदोलन का रिजल्ट एक दशक बाद कल (30 अक्टूबर 2023) आ ही गया। हिसाब लगाया जा रहा है कि कौन जीता ? कौन हारा ? और लुटा तो वह भी कौन ? टाटा मोटर्स के रतन टाटा को पौने आठ अरब रुपयों की मुआवजा राशि मिलेगी। वकीलों की फौज को तो जिला से शीर्ष अदालत तक काफी आय हो गई। मगर इन सब में बड़ी लाभार्थी रहीं कुमारी सुश्री ममता बनर्जी। चालीस सालों से सत्ता से चिपकी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को अपदस्थ कर दिया। ज्योति बसु से राज चला था बुद्धदेव भट्टाचार्या तक। सारे कम्युनिस्ट अतीत के गर्त में समा गए। मगर रतन टाटा और ममता बनर्जी की तुलना में सिंगूर के मेहनतकश खेतिहर मजदूर को कुछ न मिला। उसे केवल छीनी गई जमीन मिल गई। पर अब उसकी उर्वरक शक्ति घट गई। सिरमिंट, बालू, निर्माण सामग्री पड़ने से खेत बंजर हो गए। मोटर कंपनी की योजना से आस जगी थी कि जमीन के दाम ऊंचे मिलेंगे। उम्मीद का आधार भी था। सिंगूर क्षेत्र कभी फ्रांसीसी उपनिवेश में था, नाम चंद्रनगर रहा। हुगली नदी के निकट। हरियाली थी, उम्दा खेती की संभावनाएं भी।

अब करदाता से वसूली की गई राशि से काटकर टाटा को मुआवजा की रकम देने पर लोहियावादी विचारक साथी उमेश प्रसाद सिंह (पटना फोन नं. : 9304773036) का सुझाया उपाय भला, नीक और तार्किक है : नैनो कार के मामले में 766 करोड़ रुपए के नुकसान का मामला ममता बनर्जी के निजी सम्पति से वसूलने की कार्रवाई होनी चाहिये ?

बंगाल की खाड़ी के इस झगड़े से अरब सागर पर स्थित गुजरात को लाभ मिला। जब रतन टाटा ने थक कर, खीझकर तय किया (7 अक्टूबर 2008) कि अहमदाबाद जिले के साणंद में यह छोटे मोटर कार का कारखाना लगाएंगे। तब एक घटना हुई थी। सिंगूर में मारकाट से टाटा भी तब तक तंग आ चुके थे। सोच रहे थे कि विकल्प क्या होगा ? तभी गुजरात के भाजपाई मुख्यमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने सिर्फ एक लाइन लिखी रतन टाटा को। एक ही शब्द लिखा, बल्कि केवल छः अक्षर : सुस्वागतम, अर्थात गुजरात में पधारिए।



मोदी टू टाटा : "वेलकम टु गुजरात".




मालिक रतन टाटा साणंद कारखाने में.



ममता बनर्जी पिछड़े बंगाल की नायिका.

टाटा मान गए। साणंद में इकाई लगा दी। करीब 1100 एकड़ में (2010 में) प्लांट लगा। नाम रखा टाटा नानो। गुजराती में नानो का शाब्दिक अर्थ ही है : ननकऊ (लघु)। नया मोड आ गया भारत के वित्तीय इतिहास में। करीब ग्यारह सौ एकड़ जमीन साणंद तालुका के खोड़ा गांव में टाटा ने संयंत्र लगाया। मोदी सरकार ने तब एक एकड़ (केवल 900 रुपए वर्गमीटर) के दाम पर दी। नवीनतम कार विनिर्माण सुविधा भी है और टाटा टैगो और टाटा टेगोर जैसी लोकप्रिय हैचबैक बनाती है। संयंत्र 2018 में 100 फीसदी क्षमता उपयोग तक पहुंच गया। टाटा मोटर्स ने 2020 में साणंद संयंत्र में निर्मित 300,000वां टियागो तैयार किया।

इस संयंत्र ने गुजरात राज्य में ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टाटा मोटर्स द्वारा साणंद में निवेश करने के बाद, गुजरात में कई ऑटोमोबाइल विनिर्माण संयंत्र खुल गए हैं : सुजुकी मोटर गुजरात, फोर्ड इंडिया, एमजी मोटर इंडिया, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया, आदि। टाटा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फोर्ड मोटर्स से साणंद में दूसरा प्लांट हासिल करने की योजना बना रही है क्योंकि मौजूदा साणंद प्लांट पूरी क्षमता तक पहुंच गया है। अब शस्यश्यामला सिंगूर के किसान यदि बालुई साणंद के नवसृजित उत्कर्ष को ललचायी दृष्टि से देखें तो ? दोष केवल ममता बनर्जी की अतीवी गफलत को जाता है।

भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों के आंदोलन के चलते टाटा द्वारा नैनो कार संयंत्र पश्चिम बंगाल से बाहर जाने के कई दशक बाद सिंगूर के किसान अब ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्हें लौटाए गए भूखंड कृषि योग्य नहीं हैं। कस्बे में उनके लिए पर्याप्त नौकरियां भी नहीं है। इलाके में उद्योग लगाने की मांग के साथ पिछले साल कोलकाता मार्च करने वाले किसानों ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनका इस्तेमाल किया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उनकी जमीनें वापस तो मिली। हालांकि, यह (जमीन) या तो कंक्रीट में तब्दील हो गई हैं या मलबे से ढंकी हुई है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक जमीन पर कंक्रीट के खंभों और सीमेंट के स्लैब की मौजूदगी के चलते जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए कम से कम सात से आठ इंच मोटी ऊपरी परत को हटाना होगा। यह बहुत खचीर्ली प्रक्रिया है। किसान इसकी लागत वहन नहीं कर सकते। किसानों ने कहा कि ऐसा नहीं किए जाने पर जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए कम से कम दस साल लगेंगे। हुगली से बीजेपी की पुरोधा लॉकेट चटर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए किसानों का शोषण किया।

## दो पक्षों में चले लाडी-डंडे, एक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बहिलपुरवा थाने के सेमरदहा गांव के मजरा खांचापुरवा में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के ग्रामीण की मृत्यु हो गई।

बुधवार को नेमचंद पुत्र श्रीकेशन व दिनेश, राजेश, विनोद पुत्र काशी और पुत्तन के बीच पुआल रखने को लेकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गये। नेमचन्द पुत्र श्रीकेशन को गंभीर चोटें आई। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज बाद प्रयागराज रेफर किया। रास्ते में नेमचन्द (60) पुत्र श्रीकेशन की मृत्यु हो गयी।

थाना प्रभारी बहिलपुरवा राम सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## दस्यु खरदूषण को हुई पांच साल की सजा, 25 हजार का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शिन अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह व पैरोकार महेश्वरीदीन की पैरवी से पुलिस पार्टी पर फायर करने के आरोपी डकैत खरदूषण को पांच वर्ष की सजा व 25 हजार रुपये का जुमार्ना हुआ।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट/अपर सत्र न्यायधीश नीरज श्रीवास्तव ने बहिलपुरवा थाने में दर्ज पुलिस पार्टी पर फायर करने व डकैती एक्ट के आरोपी खरदूषण उर्फ भइयन उर्फ टाइगर पुत्र हीरालाल निवासी नेउरा थाना मऊ को पांच वर्ष की सजा व 25 हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 22 फरवरी 2016 को दस्यु खरदूषण गैंग ने पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला किया था। इस बाबत बहिलपुरवा थाने में उचित धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। तत्कालीन दरोगा प्रभुनाथ यादव ने विवेचना कर 26 फरवरी 2017 को आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद 11 जुलाई 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## समस्या का समाधान नहीं है युद्ध: का रुद्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में किसानों ने इजराइल के फिलिस्तीन में किये जा रहे नरसंहार के विरोध में जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी को सौंपा।

बुधवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में किसानों का जुलूस एसडीएम सदर कार्यालय पहुंचा। यहां सौंपे ज्ञापन में कहा कि युद्ध समस्या का समाधान नही है, बल्कि नई समस्याओं को जन्म देता है। साम्राज्यवादी ताकतों के समर्थन से इजराइल ने फिलिस्तीन में जनसंहार कर रहा है। फिलिस्तीन के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शन के राष्ट्रीय आवाहन पर धरने पर आये किसानों से का रूद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता, बल्कि नई समस्याओं को जन्म देता है। गाजा फिलिस्तीन में अस्पतालों, स्कूलों और सयुक्त राष्ट्र संघ के आश्रय स्थलों पर भी बम गिराए जा रहे हैं। फिलिस्तीन मातृभूमि के अधिकार को संघर्ष कर रहा है। अब तक करीब सात हजार लोग मारे जा चुके हैं। 15 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। जनसंहार को अमेरिका व साम्राज्यवादी सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है। पानी, ईंधन, भोजन, दवाओं की समस्या पैदा हो गई है। विभिन्न बीमारियां तेजी से फैल रही है। मोदी सरकार साफतौर से इजराइल और साम्राज्यवादी ताकतों का समर्थन कर रही हैं। भाजपा व आरएसएस देश भर में मुसलमानों के खिलाफ इजराइल के युद्ध को आधार बनाकर सांप्रदायिक अभियान चला रहे हैं। इस मौके पर का चुनकूराम पाल, का अजय सिंह, का राजाराम, का रामप्रताप, शिवप्रसाद, शिवम, लल्लूराम त्रिपाठी, ललक सिंह, का पूनम, तुलसा देवी, मोहित, फेरन, देवनारायण, राकेश कुमार, मुन्ना कुबेर आदि मौजूद रहे।

## बाल विज्ञान कांग्रेस में सम्मानित हुए विद्यार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में 31वीं राष्ट्रीय जिला स्तरीय बाल विज्ञान का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद ने उत्प्रेरित किया। इसमें कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा व जिला जिला समन्वयक/प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राजकीय इंटर कॉलेज घूरेटनपुर लवकुश सिंह आदि मौजूद रहे।

## उप्र में 51 राज्य कर विभाग के सयुंक्त आयुक्तों का तबादला

**लखनऊ/लोक प्रेरणा**

उत्तर प्रदेश राज्य कर (जीएसटी) विभाग में राज्यपाल की अनुमति से भारी संख्या में मंगलवार की रात संयुक्त आयुक्त के स्थानातंरण किया गया है। तबादलों में नवपदोन्नत 30 संयुक्त आयुक्त को संयुक्त आयुक्त पद पर कार्यक्षेत्र बदलते हुए तैनाती दी गई है। वहीं 21 संयुक्त आयुक्तों का स्थानांतरण करते हुए कुल 51 संयुक्त आयुक्त के कार्यक्षेत्रों में फेर-बदल किया गया है।

**इनका हुआ तबादला**

अमरेश त्रिपाठी वाराणसी से प्रयागराज, अभय शुक्ला मेरठ से लखनऊ मुख्यालय, मधुरिमा मिश्रा बरेली से गाजियाबाद, आशीष निरंजन फिरोजाबाद से वाराणसी, देवी सिंह झांसी से अलीगढ़, मनीष श्रीवास्तव आगरा से झांसी, मुकेश कानपुर से मेरठ, प्रदीप कुमार सोनी अलीगढ़ से गोरखपुर, सांत्वना गौतम गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर, विवेकानंद शुक्ला सोनभद्र से गाजियाबाद, अमित कुमार पाठक वाराणसी से मेरठ, हीरालाल मैनपुरी से गाजियाबाद, राजेश कुमार सीतापुर से मुरादाबाद, राकेश कुमार कौशल गाजियाबाद से बुलंदशहर, राम मूरत सहारनपुर से सीतापुर, रविशेखर सिंह आगरा से इटावा, रीनू कुमारी वाराणसी से अलीगढ़, शिशिर कुमार अयोध्या से गाजियाबाद, अनिल कुमार अलीगढ़ से लखनऊ, मनोज कुमार गाजियाबाद से मुख्यालय लखनऊ, शक्ति प्रताप सिंह मुख्यालय लखनऊ से प्रयागराज किया गया है। नवपदोन्नत संयुक्त आयुक्त में मुंशी चौहान कानपुर से झांसी, अनिल कुमार सिंह कानपुर से वाराणसी, आनंद प्रकाश राय वाराणसी से कानपुर, गोपाल तिवारी अयोध्या से आगरा, नीरज सिंह प्रयागराज से लखनऊ, अमित पाठक मैनपुरी से सहारनपुर, कौशल किशोर वर्मा सोनभद्र से कानपुर, विवेचना मिश्रा लखनऊ से अयोध्या, भास्करेन्दु दत्त शुक्ला आगरा राज्यकर खण्ड तीन से आगरा में ही संयुक्त आयुक्त विशेष अनुभाग शासन में तैनाती दी गई है

। इसी तरह कमला प्रसाद लखनऊ से वाराणसी, संतोष कुमार वर्मा द्वितीय गोरखपुर से बांदा, हरिनाम सिंह सचान को बिजनौर से मुख्यालय लखनऊ, जफीर अहमर फिरोजाबाद से लखनऊ, चंद्रकांत रल्हन लखनऊ से आगरा, दयाशंकर प्रथम गोरखपुर से अयोध्या, शलभ शर्मा इटावा से वाराणसी, ज्ञान प्रकाश सिंह कानपुर राज्यकर संयुक्त उपायुक्त से संयुक्त आयुक्त विशेष अनुभाग कानपुर, विशाल पुण्डीर गौतमबुद्ध नगर से गाजियाबाद, उदित नारायण सिंह गोरखपुर संयुक्त उपायुक्त राज्य कर से संयुक्त आयुक्त विशेष अनुभाग गोरखपुर, उदय प्रताप सिंह तृतीय वाराणसी से लखनऊ, विजय पाल सिंह द्वितीय कानपुर से सीतापुर, अवधेश कुमार सिंह द्वितीय मुख्यालय लखनऊ से बरेली, नीलम रानी नोएडा से बरेली, मनीषा शुक्ला अयोध्या से मेरठ, मनोज कुमार मुख्यालय लखनऊ से वाराणसी, सविता सिंह उन्नाव से झांसी, अनिमेष कुमार सिंह कानपुर से मैनपुरी, शिविका सिंह कानपुर संयुक्त आयुक्त राज्य कर से कानपुर में संयुक्त आयुक्त कारपोरेट, शिखा यादव बरेली से अलीगढ़, रोली निगम नोएडा से मैनपुरी संयुक्त आयुक्त पद पर तबादला किया गया है।

# माला-मूर्ति से भाजपा लगा रही विचारों पर तालाः मानसिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी बांदा में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती अतर्रा तहसील के पंचमुखी इंटर कॉलेज बघेलाबारी में जिलाध्यक्ष डॉ मधुसूदन कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि शिकोहाबाद के विधायक डॉ मुकेश वर्मा, पूर्व सांसद विश्वंभर प्रसाद निषाद, बबेरू विधायक विश्वंभर सिंह यादव, कर्वी विधायक अनिल प्रधान की मौजूदगी में डॉ कुशवाहा ने कहा कि सरदार पटेल ने खंड-खंड बंटे रियासतों को जोड़कर अखंड भारत बनाया था।

सरदार पटेल की जयंती पर मुख्य अतिथि डॉ मुकेश वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल देश के महान क्रांतिकारी महापुरुष थे। उनके योगदान को देश भुला नहीं सकता। पूरे देश में समाजवादी विचारधारा का परचम लहराना है। बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने कहा कि भाजपा मूर्ति पर माला व विचारों पर ताला लगाने का काम कर रही है। दलित, पिछड़ों को गुमराह कर गरीबों का निवाला छीन




रही है। कमेरा वर्ग के लोग एकजुट होकर देश में बैठे विषमतावादी सरकार को हटाने का काम करें। जाति वर्ग से उठकर सरदार पटेल के विचारों को अपनाए। पूरे प्रदेश में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ही ऐसे नेता हैं, जो खुलकर आतताई सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। देश-प्रदेश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। महापुरुषों ने जीवन भर संघर्ष कर देश को लोकतंत्र दिया। जो भी नेता इनकी पोल खोलने का काम करता है, उसे ईडी-सीबीआई और तमाम तरह से फर्जी आरोप लगाकर जेल भेजा जा रहा है। 2024 में ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

इस मौके पर लोकसभा प्रभारी शिवशंकर सिंह पटेल, डॉ निर्भय सिंह पटेल, एजाज खान, इंद्रजीत यादव, मुन्ना पटेल, अवध पटेल, सोनेलाल पटेल, श्यामशरण पटेल, केडी भाई पटेल, दादू भाई पटेल, अजीत बाबू पटेल, आत्माराम यादव, किरण यादव, अर्चना पटेल, डॉली वर्मा, सुनील कुशवाहा, उमाकांत यादव, लवलेश यादव, अरशद खान, रामराज पटेल, रामनारायण पटेल आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव एजाज खान ने किया।

# यातायात माह शुरूः सुरक्षा को करें नियमों का पालनः डीएम

## एसपी ने की नियमों के पालन की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में धनुष चैराहा स्थित यातायात केंद्र से यातायात जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ हुआ। बुधवार को यातायात माह शुभारम्भ पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि जिले में हादसे ज्यादा होते हैं। यातायात नियमों का पालन कर हादसों को कम कर सकते हैं। सुरक्षा को हेलमेट, सीटबेल्ट लगाकर 90 फीसदी लोग जान बचा सकते हैं। पुलिस व लोगों की जिम्मेदारी है कि सडक पर निकलें तो यातायात नियमों का पालन




करें। पूरे माह लोगों से नियमों के पालन की अपील की जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सड़क सुरक्षा माह में पुलिस विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करेगी। पम्पलेट्स से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

यातायात माह में तीन सवारी, बिना हेलमेट, ड्रिंक एंड ड्राइव व ओवरलोड, ओवरस्पीड वाहनों का जांच अभियान चलेगा। जगमोहन सिंह बालिका इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज व गोपाल दास निर्मला देवी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने आमजनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को रैली निकाली। उन्होंने वाहन चालकों से सीटबेल्ट/हेलमेट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के साथ यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। संचालन केशव शिवहरे ने किया। इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार, पीआरओ निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी समेत यातायात टीम मौजूद रही।

# दीपावली पर्व पालीथीन मुक्त होगा तीर्थक्षेत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली महोत्सव पर पालीथीन मुक्त परिक्रमा पथ को गुटखा पीक मुक्त, स्वच्छ करने को जनसहभागिता की गरज श्रीकामदगिरि पीठम में हुई बैठक में राष्ट्रीय स्वयं संघ जिला सतना की देखरेख में पर्यावरण संरक्षण के तहत बैठक की अध्यक्षता श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के अधिकारी संत मदनगोपाल दास ने की। बुधवार को दीपावली महोत्सव पर एमपी-यूपी सीमा क्षेत्र में जनजागरूकता पंडाल लगेंगे। निःशुल्क कपड़े के थैले बांटे जायेंगे। इस वर्ष एक लाख थैले बांटने का लक्ष्य है। वालंटियर तैयार कर विभिन्न पर्यावरण संरक्षण बाबत गतिविधियां की जाएंगी। दुकानदारों को पालीथीन में सामग्री देने की बजाय कपड़े के थैले में सामग्री देने का आग्रह किया जाएगा?। भंडारे



आदि में पालीथीन, प्लास्टिक का प्रयोग रोकने को आग्रह किया जाएगा। जनजागरूकता को तीर्थक्षेत्र में संवाद किया जायेगा। प्रोजेक्टर से तीर्थक्षेत्र के प्रमुख स्थलों को स्वच्छ रखने की जानकारी दी जायेगी। मंदाकिनी में भारी भीड़ से प्रदूषण से बचाने को श्रद्धालुओं, गणमान्य लोगों एवं प्रशासन को बताया जायेगा। बैठक में निर्मोही अखाड़ा महंत ओंकारदास, जिला प्रचारक विनोद, गतिविधि को जिला संयोजक धर्मेन्द्र अग्निहोत्री, सुशील मिश्र, नगर परिषद के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री रोहित पाण्डेय, समाजसेवी अर्चन, सर्वेश त्रिपाठी, सुरेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# दीपावली से पहले नदी घाटों की सफाई में जुटी बुंदेली सेना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली के पहले बुंदेली सेना ने मन्दाकिनी नदी घाटों के आसपास सफाई अभियान शुरू किया है।

बुधवार को पुलघाट कर्वी से अभियान शुरू हुआ। दीपावली से पहले ज्यादातर घाटों की सफाई जी जायेगी। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि दीपावली में लाखों भक्त मन्दाकिनी नदी के कर्वी और रामघाट समेत विभिन्न घाटों में डुबकी लगाते हैं। दीपावली में 11 दिन बचे हैं। घाटों की स्वच्छता का अभियान शुरू किया है। पुलघाट कर्वी के आसपास नदी की सफाई कर बड़े पैमाने पर जलीय चारा निकाला गया। अगले दो दिन पुलघाट में ही सफाई चलेगी। रामघाट के नजदीक बने नयागांव रपटा से बूडे हनुमानजी के बीच गंदगी से कराह रहे घाटों की सफाई की



जायेगी। पुलघाट में सीढ़ियों पर मिट्टी-मलबे का अम्बार है। सीढ़ियों में फिसलन की समस्या है। दो दिन में इन घाटों को नहाने लायक बनाया जाएगा। अभियान में महामंत्री श्याम गुप्ता, जानकीशरण गुप्ता, अतुल सिंह, वीपी पटेल, सुरेंद्र शेरा, रामनरेश यादव आदि का सहयोग रहा।

## कौशल विकास से पा सकते हैं रोजगार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रबंधक रघुराज सिंह शिक्षा प्रसार समिति अतरौलीमाफी ने बताया कि उप्र कौशल विकास मिशन के तहत बेरोजगारों को नौकरी पाने को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग से वित्तपोषित है।

बुधवार को उन्होंने बताया कि बेरोजगार युवक निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण लेकर रोजगार पा सकते हैं। संस्था रघुराज सिंह शिक्षा प्रसार समिति में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रशिक्षण कोर्स अप्रैल, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर मिलेगा। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। कंप्यूटर कक्षायें चलाई जाएगी। दस्तावेज में चार फोटो, आधारकार्ड, हाईस्कूल प्रमाण पत्र आदि लगायें। श्रम विभाग का मजदूरी कार्ड हो तो लगायें।

निःशुल्क नामांकन प्रशिक्षण मूल्यांकन व सेवायोजन प्रकिया निःशुल्क यूनिफॉर्म व स्टडी मैटेरियल वितरण मुख्य कोर्स के साथ अंग्रेजी बोलचाल व व्यक्तित्व विकास तथा कंप्यूटर ज्ञान की कक्षायें चलाई जायेंगी।

## गैगेस्टर वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही अतुल परिहार के साथ गैगेस्टर एक्ट के वारंटी रामजी उर्फ संतोष कुमार पुत्र रामकृपाल निवासी जानकीकुण्ड जिला सतना मप्र को गिरफ्तार किया।



## वांछित को तमंचा समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने जल जीवन मिशन के पाइप चोरी के एक और वांछित बबलू उर्फ रितेश कुमार भास्कर पुत्र धर्मपाल निवासी 2032/135 दयालपुरम नई बस्ती थाना नौबस्ता कानपुर नगर को तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज किया है। टीम में दरोगा इमरान खान व सिपाही मयंक तिवारी शामिल रहे।



## सचिव के आगे शासन के आदेश बौने, सात साल से मानिकपुर ब्लाक में तैनात सचिव के कारनामे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में सात साल से तैनात सचिव कमलाकर सिंह की मनमानी चर्चा का विषय बनी है। सचिव इतना ताकतवर है कि ब्लाक के तबादला सूची में नाम होने के बाद भी तबादला नहीं हो रहा।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक में सात साल से तैनात सचिव कमलाकर व उसकी सचिव पत्नी नेताओं व अधिकारियों तक खासी पहुंच रखते हैं। इसके चलते दोनों का तबादला नहीं हो रहा। अन्य सचिवों का दूसरे ब्लाक में तबादला करवा देता है। सचिव की खुद की फर्म है, ग्राम पंचायतों के सामग्री भुगतान उन्ही फर्मों में होते हैं। कई बार सचिव के चर्चित मामले प्रकाश में आने के बाद भी सचिव को ब्लाक से कार्य मुक्त करने का साहस कोई अधिकारी नहीं कर पाता।

एक ही ब्लाक में कई वर्षो से तैनात सचिव शासनादेश का उल्लंघन कर रहा है। प्रभावशाली सफेदपोशों के दबाव के आगे शासन का आदेश बौने साबित हो रहे हैं।

## हादसे में युवक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के छिवलहा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग में मऊ की ओर से जा रहे चारपहिया वाहन ने साइकिल सवार युवक को ठोकर मार दी। इससे कुलदीप (25) पुत्र सोहनलाल निवासी छिवलहा घायल हो गया।

ये हादसा बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। गंभीर दशा होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## आज होगा मानचित्र समाधान दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने मंजूरी को मानचित्रों के तत्काल निस्तारण को प्राधिकरण ने मानचित्र समाधान दिवस दो नवंबर को अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा। संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, संबंधित विभाग एवं अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार, आर्किटेक्ट मौजूद रहेंगे। भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निदान कर भवन मानचित्र मंजूरी की कार्यवाही होगी। सभी लोग इस सुविधा का लाभ उठायें।

## गांजा तस्कर को एक वर्ष चार माह की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शिन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार बाबूलाल की पैरवी से गांजा तस्करी आरोपी को एक वर्ष चार माह की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस से न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने कोतवाली कर्वी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी संतोष कहार पुत्र रामबाबू निवासी उटारखाना को एक वर्ष चार माह की सजा व पांच हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 28 जून 2022 को तत्कालीन दरोगा शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने संतोष कहार को एक किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया था। इस बाबत कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। विवेचक तत्कालीन दरोगा रामाश्रय प्रसाद ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## सीएम ने भाजपा पदाधिकारियों व नेताओं से की विकास पर चर्चा, वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सीएम ने जाना हाल

**वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन भाजपा पदाधिकारियों व नेताओं से विकास पर चर्चा की। सर्किट हाउस में सुबह से ही उन्होंने लोगों का हालचाल जाना। इसके बाद सुबह 9 बजे सीएम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट बाबतपुर से रवाना हो गए। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने भी सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इसके पहले मंगलवार को सीएम ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और विकास कार्यों व कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक भी की थी। उन्होंने देव दीपावली को भव्य व दिव्य बनाने का निर्देश दिया था।

# इमरान खान के खिलाफ साइफर मामले की सुनवाई सात नवंबर तक स्थगित

### रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अबुल हसनत जुलकारनैन ने सभी की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश दिया



**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान की एक विशेष कोर्ट ने (0 गवाहों में से किसी का भी बयान दर्ज किए बिना पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के विरुद्ध साइफर मामले की सुनवाई सात नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अबुल हसनत जुलकारनैन ने सभी की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश दिया और सुनवाई स्थगित कर दी।

मामले में 10 गवाहों को सात नवंबर को फिर से बुलाया गया है।

संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने 71 वर्षीय इमरान के विरुद्ध पिछले साल मार्च में वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (साइफर) को लीक कर सरकारी गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया और इस साल अगस्त में उन्हें गिरफ्तार किया गया। इमरान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी इस मामले में आरोपित हैं।

# अमेरिका क्षेत्रीय शांति और स्थिरता का सबसे बड़ा अवरोधक, पेंटागन की रिपोर्ट पर आगबबूला हुआ



**बैंकॉक**
**चीन ने** कहा कि अमेरिका क्षेत्र में शांति और स्थिरता का सबसे बड़ा अवरोधक है। चीन का यह बयान पेंटागन की ओर से जारी उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि चीन अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा रहा है। इसमें चीन की ओर से पहली न्यूक्लियर पावर गाइडेड मिसाइल सबमरीन की जानकारी दी गई थी। पेंटागन रिपोर्ट में पहली बार पुष्टि की गई थी कि पिछले 18 महीनों में चीनी शिपयार्डों में देखी गई उन्नत सबमरीन टाइप 093बी गाइडेड मिसाइल सबमरीन है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने पेंटागन के रिपोर्ट के निष्कर्षों को गलत बताया और इजरायल और यूक्रेन की मदद के साथ ही दुनिया भर में सैन्य प्रतिष्ठानों के निर्माण को लेकर उस पर पलटवार किया है।

**बीजिंग 2035 तक हथियारों की बढ़ाकर संख्या चार गुणा करेगा- रिपोर्ट**

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को युद्ध सामग्री और क्लस्टर बम भेजे। भूमध्य सागर में नौसैनिक बेड़ा भेजने के साथ ही इजरायल को हथियार और युद्धक सामग्री उपलब्ध कराई। पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया था कि बीजिंग 2035 तक अपने पास मौजूद हथियारों की संख्या को लगभग चार गुना बढ़ाकर 1,500 करने की राह पर है।
इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में संभावित मुलाकात को देखते हुए चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी गुरुवार को अमेरिका का दौरा करेंगे। वहीं, रूस ने चीन को लेकर आई खबर पर किसी तरह की चिंता व्यक्त नहीं की है। रूस ने बीजिंग के साथ मास्को की उन्नत रणनीतिक साझेदारी और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के चीन के संप्रभु अधिकार पर जोर दिया है।

## सुसाइड नोट में दर्दः बोर्डिंग स्कूल के बाथरूम में छात्रा ने लगाई फांसी, मां के बारे में लिखी आपत्तिजनक बातें

**देहरादून**
शहर के एक बोर्डिंग स्कूल में गाजियाबाद निवासी नौवीं की छात्रा ने बाथरूम में फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा ने शरीर पर बांधने वाली गरम पट्टी से फंदा बनाया था। उसके कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपनी मां के बारे में कई बातें लिखी हैं। कुछ बातें आपत्तिजनक भी बताई जा रही हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं, छात्रा की मां ने मौखिक रूप से स्कूल प्रबंधन पर कुछ आरोप लगाए हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक लिखित शिकायत नहीं दी गई है। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि घटना सोमवार रात को हुई थी। मृतक छात्रा की पहचान वाणी पुत्री बबीता निवासी बिनसर पार्क, वैभव खंड, इंदिरापुरम गाजियाबाद के रूप में हुई है। वाणी स्कूल परिसर के हॉस्टल में रहकर बीते दस सालों से पढ़ाई कर रही थी। रात के समय वाणी अन्य छात्राओं से पहले ही अपने कमरे में आ गई थी। इस बीच छात्राओं ने देखा कि वाणी अपने कमरे में नहीं है। इस पर उन्होंने आसपास देखा तो वह नहीं मिली।

**फंदे पर लटक रही थी वाणी**
देखा कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद है। उन्होंने आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। साथी छात्राओं ने हॉस्टल प्रबंधन को सूचना दी। हॉस्टल के कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो सबके होश उड़ गए। वाणी फंदे पर लटक रही थी। कर्मचारियों ने उसे फंदे से उतारा और एक निजी अस्पताल ले गए। लेकिन, डॉक्टर ने वाणी को मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने शव कब्जे में लिया और परिजनों को देहरादून बुलाया।

**मां पति से रहती हैं अलग**
छात्रा के शव का मंगलवार को डॉक्टर के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है। पंचायतनामे की वीडियोग्राफी की गई है। उसके कमरे की तलाशी लेने पर कॉपी में लिखा एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। उसने सुसाइड नोट में अपनी मां के संबंध में कुछ बातें लिखी हैं।
कुछ ऐसी बातें भी हैं जिनका खुलासा नहीं किया जा सकता है। इन सबसे पुलिस इसे पारिवारिक परिस्थितियों से तंग आकर ही आत्महत्या करना मान रही है। उसकी मां अपने पति से अलग रहती हैं और वही उसके लिए खर्च आदि हॉस्टल में भेजती थीं। छात्रा की मां प्राइवेट कंपनी में काम करती है।

## शीतकाल के लिए बंद हुए तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट, पहली बार सवा लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून**
सबसे ऊंचे हिमपर्वत श्रृंखला पर विराजमान तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद किए गए। इस अवसर पर डेढ़ हजार श्रद्धालुओं ने बाबा तुंगनाथ के दर्शन किए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि पहली बार तुंगनाथ में एक लाख 35 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। ब्रह्म मुहूर्त में श्री तुंगनाथ के कपाट खोले गए, इसके बाद प्रातःकालीन पूजा-अर्चना और दर्शन शुरू हुए। तत्पश्चात दस बजे से कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हुई।

**तीन नंवबर को मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी डोली**
बाबा तुंगनाथ के स्वयंभू लिंग को स्थानीय फूलों भस्म आदि से ढक कर समाधि रूप दे दिया गया। इसके बाद ठीक ग्यारह बजे पूर्वाह्न श्री तुंगनाथ जी के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की देव डोली मंदिर प्रांगण में आई और यहां मंदिर परिक्रमा के पश्चात देव डोली ने चोपता के लिए प्रस्थान किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि दो नवंबर को भगवान तुंगनाथ की देव डोली भनकुन प्रवास करेगी। तीन नवंबर को भूतनाथ मंदिर होते हुए शीतकालीन गद्दीस्थल मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी, जिसके बाद यहां देवभोज का आयोजन किया जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# गाजा में हमास के अड्डों में बदल रहे अस्पताल, जाने से बचें!...इजरायल ने फलीस्तीनियों को चेताया



**तेल अवीव**
इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हनेग्बी ने मंगलवार को फलस्तीनियों से गाजा की उत्तरी पट्टी में अस्पतालों का दौरा करने से बचने का आह्वान किया और आरोप लगाया कि उक्त स्थान को आतंकवादी मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल शिफा, इन दिनों हमास के अड्डे के रूप में बदलता जा रहा है और आतंकवादी इस अस्पताल से इजराइल के खिलाफ हमलों के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। हानेग्बी ने कहा कि इजराइल हर गाजावासी के लिए चिकित्सा सहायता की मांग कर रहा है जिसे इसकी आवश्यकता है। परंतु उनके लिए नहीं जो हमास के आतंकी मुख्यालय के रूप में उभर रहे हैं।
हनेग्बी ने कहा कि गाजा के लोगों का इलाज मिस्त्र के अस्पतालों के साथ-साथ विभिन्न देशों के अस्पताल जहाजों पर भी किया जाना चाहिए जो इजरायल के प्रधान मंत्री के हस्तक्षेप के बाद गाजा के तट पर पहुंच रहे हैं।

**25 लाख इजरायलियों को छोड़ना पड़ा वतन, पहचान से भी मोहताज रह गई लाशें; भयानक हैं क्रूरता के निशां**

युद्ध के कारण अब तक लगभग 2,50,000 इजराइली विस्थापित हो चुके हैं, और इजराइल रक्षा बल दक्षिण के पीड़ित लोगों के तबाह समुदायों की देखभाल के लिए स्थानीय परिषदों के साथ काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ इजरायली सैन्य अधिकारी के अनुसार, इसमें वे बच्चे भी शामिल हैं जो अनाथ हो गए हैं और 29 क्षेत्रीय परिषदों में बिखरे हुए हैं। एजेंसी के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमास के मौत दस्तों द्वारा किए गए सामूहिक हत्याकांड के कुछ पीड़ितों की पहचान करने में दो सप्ताह से अधिक समय लग गया, जिसमें किबुतज कफर अजा में एक मां भी शामिल थी। उक्त युवती का घर जला दिया गया था और उसके पति की हत्या कर दी गई थी।

**कफर अजा एक कृषि इलाका**
दरअसल, कफर अजा एक कृषि क्षेत्र है। यहां हमले के दौरान किसी ने दरवाजा बंद नहीं किया था, और हर जगह साइकिलें थीं। तीन दिन पहले कफर अजा में, हम एक घर की जांच कर रहे थे जो पूरी तरह से जल गया था। पति को मृत घोषित कर दिया गया था, और उसकी पत्नी को लापता घोषित कर दिया गया था।
अधिकारी याद करते हुए कहते हैं, हमने कई बार घर की तलाशी ली, कुछ नहीं मिला। मजबूत कमरे में, एक लकड़ी के केबिन के बगल में राख का ढेर था; किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब थोड़ा और टटोल कर देखा तो वहां राख के बीच एक जबड़ा पाया गया। यह उसी महिला का था। इसके बात उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया गया। एजेंसी भाषा के मुताबिक, अधिकारी ने कहा, इजरायली नागरिकों पर फैलाई गई बुराई का स्तर "हमारी कल्पना से परे है।

## मिडिल ईस्ट में 300 अतिरिक्त सैनिकों को भेजेगा अमेरिका



**वाशिंगटन**
इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिका यूएस सेंट्रल कमांड क्षेत्र में 300 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा। यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ हिस्सों को कवर करता है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने दी है।

**इजरायल नहीं जाएंगे सैनिक**
पैट्रिक राइडर ने बताया है कि ये सैनिक क्षेत्र में पहले से मौजूद सैनिकों की सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये सैनिक इजरायल नहीं जाएंगे। इनका उद्देश्य अमेरिकी बल सुरक्षा क्षमताओं को और बढ़ाना है।

बता दें कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा निगरानी वाले क्षेत्र में 20 देश शामिल हैं। इन देशों में इराक, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, अरब प्रायद्वीप और उत्तरी लाल सागर के देश और मध्य एशिया के पांच गणराज्य शामिल हैं।

**इजरायल को मदद करना जारी रखेगा अमेरिका**
राइडर ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सीनेट की गवाही में अपनी टिप्पणी के दौरान बताया कि अमेरिका इजरायल को मदद करना जारी रखेगा।

ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका का ध्यान आयरन डोम प्रणाली के लिए वायु रक्षा क्षमताओं, सटीक निर्देशित युद्ध सामग्री और अधिक इंटरसेप्टर प्रदान करने पर हैं।

**इजरायल के साथ काम कर रहा अमेरिका**
राइडर ने बताया कि ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ काम कर रहा है। ऑस्टिन अपने इजरायली समकक्ष योव गैलेंट के साथ संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने इजरायली रक्षा बलों की प्रशंसा भी की।

# दस लाख से अधिक अफगानों ने किया पाकिस्तान से निर्वासन, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने की निंदा



**वाशिंगटन**
संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने एक भारतीय प्रवासी निकाय से पाकिस्तान से दस लाख से अधिक अफगानों के निर्वासन की निंदा करने और उसे रोकने का आग्रह किया है। वहीं, आईएमएफ से इस्लामाबाद को अपनी वित्तीय सहायता रोकने की अपील की है। इस संबंध में पाकिस्तान के फैसले की निंदा करते हुए फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने कहा कि यह गैरकानूनी और अंतरराष्ट्रीय मानदंड है। एफआईआईडीएस में नीति और रणनीति के प्रमुख खंडेराव कांड ने कहा, "इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान द्वारा क्रूर तालिबान शासन के दबाव में भागे अफगान शरणार्थियों को जबरन निर्वासित करने की योजना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है, बल्कि बड़े पैमाने पर मानवीय संकट भी पैदा कर सकती है।"

## भ्रष्टाचार मामलों में अंतिम फैसला नहीं सुनाएंगे पाकिस्तान के जवाबदेही कोर्ट, इमरान खान को लगा झटका

**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने देश की जवाबदेही अदालतों को भ्रष्टाचार के मामलों में अंतिम निर्णय सुनाने से मंगलवार को रोक दिया। डॉन समाचार पत्र ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने 15 सितंबर को बहुमत से दिए गए अपने फैसले के विरुद्ध पहली बार 'अंतर-अदालत अपीलों' (आइसीए) की सुनवाई करते हुए निर्देश जारी किए।
शीर्ष कोर्ट ने बहुत से जवाबदेही कानून में संशोधनों को रद्द कर दिया था।'